दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

■ वर्ष 2 ■ अंक 189 ■ जबलपुर, शुक्रवार 04 जुलाई 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये


**सुविचार**
साहित्य का कर्तव्य केवल ज्ञान देना नहीं है परंतु एक नया वातावरण देना भी है।
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन


Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_


रजिस्ट्री के समय सॉफ्टवेयर मांगने लगा परमिशन, एक भी कमी निकली तो नहीं हो पा रहा रजिस्ट्रेशन

# म.प्र. में अवैध कॉलोनाइजर्स पर टेक्नीकल स्ट्राइक

**भोपाल। संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर अवैध कॉलोनाइजरों के लिए तकनीकी स्ट्राइक साबित हो रहा है। एक तरफ जहां प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों में खरीदी गई संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है, वहीं भूमाफिया पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आवेदन तो कर रहे हैं, लेकिन तमाम कमियों के चलते हो नहीं पा रही हैं। संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर में खसरा नंबर दर्ज करते ही प्रापर्टी की पूरी जानकारी ऑनलाइन दिखने लगती है। इससे पता चल जाता है कि यह प्रापर्टी किसकी है, कहां है और किसके द्वारा बेची गई है। साथ ही उसके बेचने वाले कॉलोनाइजर ने अनुमतियां ली हैं या अवैध रूप से प्रापर्टी बेची गई है, इसका भी पता चल जाता है।**



## 55 जिलों में अप्रैल 2025 से लागू हुआ संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर

यही कारण है कि अवैध कॉलोनियों में होने वाली भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं हो पाती है। मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में अप्रैल 2025 से संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर लागू किया जा चुका है। इसके तहत सिर्फ ऑनलाइन ही प्रापर्टी की रजिस्ट्री की जा सकती है। इसमें रजिस्ट्री के लिए सभी तरह के पात्र दस्तावेज होना जरूरी है। यदि एक भी दस्तावेज कम होता है तो रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी तरह से रुक जाती है। बता दें, संपदा-2.0 साफ्टवेयर में रजिस्ट्री के लिए दस्तावेजों का प्रारूप तय है। इसमें खरीदी जा रही प्रापर्टी की जानकारी भरकर रजिस्ट्री की प्रति तैयार की जाती है।

## 50 से अधिक अवैध कॉलोनियां की गई थीं चिह्नित

संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर की मदद से राजधानी में करीब 50 से अधिक अवैध कॉलोनियों को चिह्नित किया गया है। इसके बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हुजूर और कोलार एसडीएम को निर्देश दिए थे कि इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके बाद हूजूर तहसील में अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे गए थे। दस्तावेज नहीं देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## ये दस्तावेज नहीं होने पर रुक जाती है रजिस्ट्री

- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी)
- डायवर्सन प्रमाणपत्र
- अनापत्ति प्रमाणपत्र
- लेआउट प्लान
- मूलभूत सुविधाओं का शपथपत्र

## यह है संपदा-2.0 की खासियत

- संपदा-2.0 में रजिस्ट्री सर्च का प्रविधान है। रजिस्ट्री में आईडी नंबर होता है।
- रजिस्ट्री कराते समय प्रापर्टी की आइडी अनिवार्य रहती है, इसमें प्रापर्टी की पूरी जानकारी होती है।
- पूर्व में अगर कोई खरीदार था तो उसकी जानकारी भी इसमें रहेगी।
- भूखंड, फ्लैट का आकार, कितनी मंजिल पर है, कार्नर या अन्य जानकारी आसानी से मिल जाती है।
- दस्तावेज या अनुमति नहीं होती तो रजिस्ट्री प्रक्रिया रुक जाती है
- यह सही है कि संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर सिर्फ प्रमाणित और सही दस्तावेजों के आधार पर ही प्रापर्टी का पंजीयन करता है। इसमें प्रापर्टी की जानकारी दर्ज करते ही राजस्व सहित अन्य विभागों से ली गईं अनुमतियों का पता चल जाता है। यदि कोई भी दस्तावेज या अनुमति नहीं होती है तो रजिस्ट्री प्रक्रिया स्वतः रुक जाती है। - अमित तोमर, महानिरीक्षक पंजीयन, भोपाल

# जैकलीन फर्नांडिस पर E D की कार्रवाई जारी रहेगी



**दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ED की जांच और एक्शन जारी रहेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को उनकी याचिका खारिज कर दी, जिसमें ED की FIR रद्द करने की मांग की गई थी। एऊ ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में FIR दर्ज की है। जैकलीन भी इसमें आरोपी हैं।

**रैनबैक्सी के प्रमोटर्स से की थी 200 करोड़ की ठगी-** तिहाड़ जेल में रहने के दौरान ही सुकेश ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह को जेल से बाहर निकलवाने का झांसा दिया। इसके लिए उनकी पत्नियों से 200 करोड़ से अधिक की ठगी की। वह खुद को कभी ढट ऑफिस और कभी गृह मंत्रालय से जुड़ा अधिकारी बताता। उसकी इस धोखाधड़ी में तिहाड़ जेल के कई अफसर भी शामिल थे। सुकेश इन सभी को मोटी रकम देता था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने सुकेश के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। इस केस में सुकेश की पत्नी लीना पॉल भी आरोपी है। उस पर आरोप है कि उसने रकम को चेन्नई की एक कंपनी के जरिए इधर-उधर करवाया है। एऊके मनी लॉन्ड्रिंग केस में चंद्रशेखर और लीना को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाईज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) लगाया है। **सुकेश के मामले में जैकलीन का नाम आया-** एऊ के अनुसार, सुकेश और जैकलीन के बीच जनवरी 2021 में बातचीत शुरू हुई। तिहाड़ जेल में बंद रहते हुए भी सुकेश फोन पर जैकलीन से बात किया करता था। ED ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि जैकलीन फर्नांडिस को सुकेश ने करोड़ों रुपए के गिफ्ट्स दिए थे। इनमें 52 लाख का एक अरबी घोड़ा, 9-9 लाख रुपए की 3 पर्शियन बिल्लियां, डायमंड सेट्स जैसे महंगे गिफ्ट हैं। सुकेश ने जैकलीन के लिए चार्टर्ड फ्लाइट्स भी बुक की थी और गोल्ड, डायमंड ज्वेलरी, इम्पोर्टेड क्रॉकरी भी दी थीं। इसके अलावा जैकलीन के भाई के साथ भी सुकेश ने लेन-देन किए हैं। सुकेश ने यह भी दावा किया है कि वह जैकलीन के साथ रिलेशन में रहा है। **सुकेश का बॉलीवुड कनेक्शन उसकी पत्नी ने बनाया-** 2010 में सुकेश की मॉडल और एक्ट्रेस लीना पॉल से मुलाकात हुई। लीना फिल्म मद्रास कैफे में काम कर चुकी है। दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे बढ़ती गई और दोनों साथ रहने लगे। यहीं से सुकेश की बॉलीवुड में एंट्री हुई। अब लोगों को ठगने में लीना भी सुकेश का साथ देने लगी।



# शुभमन गिल का दोहरा शतक द्रविड़-गावस्कर छूटे पीछे

**नई दिल्ली।** एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने दोहरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 311 गेंदों पर यह कारनामा किया। इस दौरान गिल के बल्ले से 21 चौके और 2 छक्के भी निकले। इसके साथ ही उन्होंने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी है। उन्होंने 35 साल पुराना मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। वह इंग्लैंड में टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा पर्सनल स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए हैं। यह गिल के टेस्ट करियर का बेस्ट स्कोर है।

**इंग्लैंड में भारतीय कप्तानों द्वारा बनाए गए सर्वोच्च टेस्ट स्कोर-** 200: शुभमन गिल- 2025 179: मोहम्मद अजहरुद्दीन- 1990 149: विराट कोहली- 2018 रएठअ कंट्री में किसी भारतीय कप्तान का हाइएस्ट स्कोर 200: शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 192: अजहरुद्दीन बनाम न्यूजीलैंड, 1990 179: अजहरुद्दीन बनाम इंग्लैंड, 1990 169: सचिन तेंदुलकर बनाम दक्षिण अफ्रीका, 1997 153: विराट कोहली बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2018 149: विराट कोहली बनाम इंग्लैंड, 2018

**खास क्लब में हुई एंट्री-** गिल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बन गए हैं। उनसे पहले एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, शुभमन गिल यह कारनामा कर चुके हैं। हालांकि, विराट कोहली ने बतौर कप्तान टेस्ट में 7 दौहरे शतक लगाए। वहीं अन्य कप्तानों ने 1-1 बार ऐसा किया।

## विपिन फिर बोला- सोनम ने राजा की बलि दी

**इंदौर।** इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में उसके भाई विपिन ने गुरुवार को बलि देने की बात दोहराई। विपिन ने कहा- सोनम ने शादी के पहले अपनी मां से कहा था कि उसकी पसंद की शादी नहीं हुई तो अंजाम बहुत बुरा होगा। और इस तरह सोनम ने शादी के बाद राजा को मारकर उसकी बलि देकर अपनी इच्छा तो पूरी कर ली है। विपिन ने कहा, राजा को मारने के बाद जब सोनम इंदौर आई तो उसने राज से शादी कर ली होगी, इसलिए दूसरा मंगलसूत्र उसी का होगा। दो में से एक मंगलसूत्र हमारा दिया हुआ है। जबकि दूसरा हमने नहीं दिया। एक चेन और पायजेब भी बरामद की गई है, वो भी हमारी नहीं है। बता दें कि बुधवार को राजा की मौसेरी बहन सृष्टि के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज करने की जानकारी आई थी।

# उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

## अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी; हिमाचल के मंडी में अब तक 13 की मौत

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। उट पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

**गोवा में भारी बारिश के आसार, स्कूलों में कल छुट्टी-** मौसम विभाग ने शुक्रवार को गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गोवा के सभी स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया है।

**उत्तराखंड में एसडीआरएफ ने नदी में फंसे मजदूरों को बचाया-** उत्तराखंड के डाकपत्थर में गुरुवार को एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि बढ़वाला साधना केंद्र आश्रम के पास नदी में कुछ मजदूर फंसे हुए हैं।सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई और फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकाला। यह वीडियो मुंबई के पास पालघर जिले का है। वाडा तालुका के नकड़पाड़ा के छात्र नदी के बहते पानी को पार करके अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं क्योंकि उन्हें स्कूल जाने के लिए पांच किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है।




# बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा, टिन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, कई घायल



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां एक टिन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए हैं। हादसा गुरुवार को आरती के समय हुआ। आरती के समय बारिश हो रही थी और श्रद्धालु शेड के नीचे खड़े थे। इसी दौरान अचानक से शेड गिर गया और वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई जिसके चलते यह हादसा पेश आया है। हादसे में घायल हुए सभी श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक श्रद्धालु की पहचान अयोध्या निवासी राजेश कुमार कौशल के रूप में हुई है। वे अपने परिवार के 6 लोगों के साथ बुधवार रात बागेश्वर धाम पहुंचे थे। शुक्रवार (4 जुलाई) को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है, जिसके लिए वे दर्शन करने आए थे। धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम में ही मौजूद हैं।

# सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में मुआवजे और एक्सीडेंट क्लेम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2 बड़े फैसले दिए हैं। पहले फैसले में शीर्ष अदालत ने साफ कहा है कि अगर कोई लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना का शिकार बनता है और उसकी जान चली जाती है तो बीमा कंपनियां उसे पैसे देने के लिए बाध्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि ओवरस्पीड या स्टंट के मामले में हादसा होने पर बीमा का पैसा नहीं मिलेगा। इसके लिए बीमा कंपनियों को मजबूर नहीं किया जा सकता है। वहीं, दूसरे फैसले में में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हादसे में किसी की मौत हो जाती है और उसके बेटे-बेटियां विवाहित हैं तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत वे मुआवजा पाने के हकदार हैं, बेशक मृतक उन पर आर्थिक रूप से निर्भर थे या नहीं।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का पहला फैसला?-** दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने हादसे में जान गंवाने वाले एनएस रविशा के परिवार ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से 80 लाख रुपए मुआवजे की मांग की थी। कोर्ट ने व्यक्ति की पत्नी, बेटे और माता-पिता को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना में जान गई है तो इसका भुगतान बीमा कंपनियों को नहीं करना होगा। कोर्ट ने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता ने लापरवाही से गाड़ी चलाई, नियम तोड़े और कार पलट गई, जिसमें उसकी जान भी चली गई। ऐसे मामलों में बीमा कंपनियों पर देनदारी नहीं बनती है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के पिछले साल 23 नवंबर के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें उनके मुआवजे के दावे को खारिज कर दिया गया था।




डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

# दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है। इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है। केस में डाबर की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी ने वकालत की, जबकि पतंजलि की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव नायर और जयंत मेहता पेश हुए थे। संदीप सेठी ने कहा, पतंजलि अपने विज्ञापन में डाबर के च्यवनप्राश को "सामान्य" और आयुर्वेद की परंपरा से दूर बताकर प्रोडक्ट की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इस विज्ञापन में स्वामी रामदेव खुद यह कहते नजर आते हैं कि जिन्हें आयुर्वेद और वेदों का ज्ञान नहीं, वे पारंपरिक च्यवनप्राश कैसे बना सकते हैं? पतंजलि की ओर से जारी किए इस विज्ञापन में बाबा रामदेव की कही बातों को लेकर डाबर ने याचिका दायर की है।

## डाबर का आरोप- पतंजलि उनके प्रोडक्ट की इमेज खराब कर रहा

इसके अलावा डाबर ने कहा, 'पतंजलि के विज्ञापन में 40 औषधियों वाले च्यवनप्राश को साधारण कहा गया है। यह हमारे उत्पाद पर सीधा निशाना है।' डाबर अपने च्यवनप्राश को "40+ जड़ी-बूटियों से बने होने" का दावा करता है। डाबर का कहना है कि च्यवनप्राश बाजार में उनकी 60% से ज्यादा हिस्सेदारी है। डाबर ने यह भी कहा कि पतंजलि के विज्ञापन में यह संकेत भी दिया गया है कि दूसरे ब्रांड्स के उत्पादों से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। डाबर ने तर्क दिया कि पतंजलि पहले भी ऐसे विवादास्पद विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट में अवमानना के मामलों में घिर चुका है। इससे साफ है कि वह बार-बार ऐसा करता है।

## पहले शरबत विवाद में फंसे थे रामदेव

बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं। रोहतगी ने कहा कि यह धर्म के नाम पर हमला है।

## हाईकोर्ट बोला- शरबत पर रामदेव का बयान माफी लायक नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने VIDEO पर नाराजगी जताई। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी। कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी VIDEO हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 7509202320 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# शराब पिलाकर गरीब की सात एकड़ भूमि हड़पी जिले में दलाल सक्रिय, प्रशासन बेखबर









**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। आदिवासी बहुल्य जिले में गरीबी बेरोजगारी और पिछड़ेपन के चलते जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव में भूमाफिया सक्रिय है और मौका मिलते ही किस गरीब का शराब पिलाकर या फिर उस की मजबूरी का फायदा उठाकर उसके पास उसकी पुष्तैनी जमीन को अपने नाम पर करवा ले या फिर उस भूमि को मंहगे से महंगे दामों में बेचने ग्राहक ढूंढ कर उसमें अच्छी खासी दलाली खा रहे है और इनकी पकड़ जिला मुख्यालय से लेकर नेताओं तक रहती हैं और इधर बात होते देर नही की पटवारी तहसीलदार और रजिस्टर सब के सब मौके अनुमति देने और रजिस्टर करने बिना देखे बिना किसान या गरीब से मिले ही उसकी मजबूरी का फायदा और अपना फायदा देखते हुए सभी बिना देर किए हो रहे है।**

वही गरीब किसानों की कृषि भूमि हो या फिर बिना कृषि भूमि सब पर दलाल सक्रीय है और जिले के विभागीय अधिकारी भी इन दलालो के साथ मिलकर मालाई छान रहे है और ब्याजखोर नाथ ने गरीब की 7 एकड़ भूमि धोखाधड़ी और शराब पिला कर ली अपने नाम जमीन, गरीब की शराब उतारी तो याद की मेरे साथ हो गई मेरे साथ हुई धोखाधड़ी पिंडरई चौकी में दिया शिकायती आवेदन मगर समझौता के बना रहे है दबाव आदिवासी और गरीबों को शिकार बनाते है। क्षेत्र में दलाल नैनपुर नगर में इन दिनों दलाल बहुत सक्रिय अगर आप अपनी संपत्ति पर ध्यान नहीं देंगे तो आपकी संपति दलाल और पंजीयन विभाग और पटवारी मिलकर किसी को भी बेच देगे आपको पता नहीं चलेगा इस तरह के मामले जिले में बढ़ते ही जा रहे है। मगर प्रशासन में बैठे अधिकारी और इन दलालों को दिए हुए है।

## क्या है मामला

नैनपुर के ग्राम निवारी में राम नारायण नाथ जो ग्राम कन्हार गांव के निवासी निवारी में आकर शासकीय भूमि में कब्जा कर आलीशान भवन बना कर गल्ला व्यापारी और ब्याज का व्यापार जोरो चला है। मंडला जिला में ब्याज कर कार्यवाही शून्य है। जिसके कारण ब्याज का व्यापार फूलफल रहा है। वहीं ब्याज के व्यापारी ने एक गरीब अम्मी लाल यादव की कृषि भूमि मात्र 12लाख रुपए का दस्तावेज तैयार कर गरीब अम्मी लाल की जमीन अपने नाम करवा ली और महज गरीब को 6लाख रुपए देकर और शराब पिला भगा दिया जब । जब गरीब अम्मी लाल का नशा उतरा तो उससे अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला और सच्चाई सामने आई जब असली जमीन मालिक ने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सब से मजे की बात यह है। की अम्मी लाल की जमीन का जो विक्रय विलेख हुआ है। वह बाजार मूल्य से बहुत कम में हुआ है। जबकि जमीन की कीमत लगभग 40लाख बताई जा रही है।

## पीड़ित ने पुलिस दिया आवेदन जांच शुरू की

चौकी प्रभारी से जानकारी लेने में पता चला कि मामला स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी, जालसाजी और षड्यंत्र कर भूमि का विक्रय किया गया है। अगर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हो सकता है। वहीं ब्याज का व्यापार करने वाला रामनारायण नाथ गरीब अम्मी लाल पर समझौता करने का दबाव बना रहा है। जिससे साफ होता है। की गरीब के साथ धोखाधडी की गई है। वहीं ब्याज का व्यापारी के साथ उसके दलाल भी मामले में लिप्त है। जो भूमि विक्रय विलेख में गवाह बने है। जिससे मामला बड़ा नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार ब्याज का व्यापार करने वाला रामनारायण लाखों का ब्याज का व्यापार है। जिसमें गरीब से ब्याज के पैसे के एवज में गाड़ी मोटर साइकिल चैक गिरवी के तौर पर रख लेता है।

## प्रशासन क्यों नहीं करता दलालों पर कार्यवाही

मंडला जिले की तहसील कार्यालय नैनपुर और पंजीयन विभाग के आसपास दलाल सक्रिय रहते है। और जमीन की खरीद-फरोख्त से पहले दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कराएं और रजिस्ट्री के समय मालिक की मौजूदगी सुनिश्चित करें।

### पुलिस की चुप्पी पर उठे रहे कई सवाल ???

# जुआ के अड्डों पर खामोशी क्यों? महाराजपुर के पुरवा में खुलेआम चल रहा है जुए का धंधा




**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** नगर के उपनगर महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरवा में जुए का कारोबार इन दिनों जोर पकड़ चुका है। शाम ढलते ही यहां जुए के अड्डे सज जाते हैं और कानून की धज्जियाँ उड़ती नजर आती हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस अवैध गतिविधि की जानकारी पुलिस को नहीं है? या फिर कोई मूक सहमति है? स्थानीय लोगों की मानें तो जुए का यह खेल महज मनोरंजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की युवा पीढ़ी को गर्त में धकेलने वाला जहरीला जाल बन चुका है। दिन प्रतिदिन जुआरियों की संख्या में बढ़ोत्तरी और खुलेआम चल रही गतिविधियां पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहें है।

**आखिर किसकी शह पर चल रहा है यह जुआ?-** नगर से लेकर उपनगर और गांव गांव के लोगों में चर्चा है कि यह अड्डा बिना ह्यसरंक्षणह्न के चल ही नहीं सकता। सवाल यह भी उठता है कि क्या स्थानीय थाना इन गतिविधियों से अनजान है, या फिर आंखें मूंद लेना ही बेहतर समझता है?

**शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्यवाही-** वही ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन को मौखिक व लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। और अगर ज्यादा दबाव पुलिस पर पड़ता है तो छोटी मोटी कार्यवाही कर के अपना पलड़ा झाड़ लेती है और जैसे जैसे लोग भूलते है वैसे ही धीरे धीरे पुनः जुआ फड़ लगने शुरू हो जाते है इससे जुआरियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

**अब सवाल जनता का है कब जागेगी पुलिस?-** वही जिले के पुलिस कप्तान तो आए दिन इन अवैध कारोबारी पर कार्यवाही करने के निर्देश दे रहे तो क्या पुलिस कप्तान के आदेश में कितना खरे उतर पा रहे है ये तो जानता देख ही रही है प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार में बैठी हुई है? या फिर आम जनता को खुद मोर्चा संभालना पड़ेगा? वर्षों से पुरवा में चल रहे इस खुलेआम जुए के अड्डों पर अगर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सामाजिक और कानून व्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

# हेमंत खंडेलवाल भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। भाजपा के बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मंडला भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल है। भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय में एकत्र होकर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई ।**



इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, वरिष्ठ भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, विनय मिश्रा,पारस असरानी, जयदत्त झा, शिवा रानू राजपूत, सूर्यकांत जंघेला, बिटटू चौरसिया, सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा, संजय गुप्ता,सचिन शर्मा,सावन चौरसिया,अमित शर्मा, मोंटी मलिक, इशांक साहू, दिनेश चौधरी,राकेश पटेल, सुधीर दुबे,नितिन राय,यशवल तिवारी,देव रजानी,तिलक राम साहू,नितिन यादव, आनंद जैन, सहित मातृशक्ति, युवा मोर्चा के साथ नगर व जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल जी जब से राजनीति में है, तब से हेमंत भाई साहब को मुलताई के कामों के लिए चिंतित देखा है। उन्होंने कहा कि जब भी मुलताई की किसी समस्या को लेकर उनसे बात की जाती है तो वह तुरंत उसका समाधान करते हैं और पूरी गंभीरता के साथ मुलताई की समस्या को सुनते हैं। हेमंत खंडेलवाल जी शुरू से ही जनसेवा में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बैतूल के साथ मुलताई के विकास के लिए भी काम किया है। वे हर संकट में लोगों की मदद के लिए मुलताई पहुंचते हैं। वे जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करते हैं। भाजपा के 14 करोड़ कार्यकताओं के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना संगठन की अनुशासित कार्यप्रणाली को दशार्ता है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने कार्यकाल में मुलताई में सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कई प्रोजेक्ट स्वीकृत कराए हैं। अब प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को नई योजनाओं की उम्मीद है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शुष्क दिवस घोषित

**मंडला ।** नगरीय निकायों अर्थात नगर परिषद में होने वाले उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु लोकहित में संबंधित नगरीय क्षेत्रों में (जिसमें चुनाव हो रहा है) और उसकी सीमा से लगे ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानों में तथा नगर से निकलने वाले राज्य राजमार्ग/राष्ट्रीय राजमार्ग/मुख्य जिला सड़क से दोनों सीमा से बाहर 3 किलोमीटर की दूरी तक स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के लिये नियत समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखे जाने एवं मतगणना हेतु नियत तिथि में मतगणना क्षेत्र की मदिरा दुकानें बंद रखे जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बिछिया नगर परिषद में 7 जुलाई को मतदान तथा 10 जुलाई मतगणना संपूर्ण दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उपरोक्त घोषित शुष्क दिवसों में आदेशित कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कोई भी होटल, रेस्टोरेंट में मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को किसी भी व्यक्ति, चाहे वो जो भी हो, मदिरा बेचने परोसने की अनुमति नहीं होगी।

## नए आपराधिक कानून तकनीक आधारित पारदर्शी न्याय प्रणाली की ओर सार्थक कदम"

# "नए आपराधिक कानून को एक वर्ष पूर्ण

**रेवांचल टाईम्स - मंडला पुलिस।** जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन, सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नये आपराधिक कानून सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित नये आपराधिक कानून दिनांक 01.07.2025 को भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे नए आपराधिक कानूनों को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह वर्ष डिजिटल युग में पुलिस व न्याय प्रणाली के तकनीकी सशक्तिकरण के रूप में अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा है। मंडला जिले की उल्लेखनीय प्रगतिः- नए आपराधिक कानूनों लागू होने के पश्चात कुल 4723 अपराध नए कानूनों के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। Inter-operable Criminal Justice System (ICJS) प्रणाली के माध्यम से पुलिस, अभियोजन, न्यायालय और जेल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य समन्वय स्थापित हुआ।



डिजिटल प्रक्रियाओं के कारण न्यायिक कार्यवाही अधिक पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनी। प्रमुख डिजिटल पहलें और उनके प्रभाव :- ई-कोर्ट, ई-समन और वॉरंट मॉड्यूल विधिक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है, MedLe PR अस्पतालों से सीधे एमएलसी व पोस्टमार्टम रिपोर्ट का समावेश हुआ। इस अवधि में जिले के सभी थानों द्वारा अस्पतालों को 1001 एमएलसी एवं 72 पीएम फार्म ऑनलाईन भेजे गये। ई-प्रिजन व ऑनलाइन पेशी प्रणाली पेशी अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुगम एवं सुरक्षित है। SC/ST मॉड्यूल व साक्ष्य ऐप संवेदनशील मामलो की निगरानी एवं डिजिटल साक्ष्य संग्रहण हैं। Inter-operable Criminal Justice System (ICJS) प्रणाली पेपरलेस न्याय प्रणाली की दिशा में क्रांतिकारी कदम है, जिससे पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है। Crime and Criminal Tracking Network & Systems (CCTNS) एवं डिजिटल पुलिसिंग में उपलब्धियाँ ::- ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, ई-विवेचना, ई-साक्ष्य, ई-समन/वारंट तामीली जैसी सेवाएं अब ऑनलाइन हैं जिससे आवेदक/शिकायतकताओं को त्वरित सेवा व न्याय सुनिश्चित किया जाता है। डिजिटल पुलिसिंग में उपलब्धियाँ ::- ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, ई-विवेचना, ई-साक्ष्य, ई-समन/वारंट तामीली जैसी सेवाएं अब ऑनलाइन हैं जिससे आवेदक/शिकायतकताओं को त्वरित सेवा व न्याय सुनिश्चित किया जाता है।

### कई गांवों में घरों तक पहुंचा पानी

# मंडला में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात:नाले में 40 वर्षीय युवक बहा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। मंडला जिले में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिछिया थाना क्षेत्र के मेढ़ाताल और भवान गांव में नाले का पानी घरों तक पहुंच गया है। पुलिस ने लोगों को पंचायत भवन जैसी सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया है। चराटीला में 40 वर्षीय गणेश तेकाम नाला पार करते समय बह गए। बिछिया थाने का दल उनकी तलाश में जुटा है। बिछिया-घुघरी मार्ग बंद हो गया है। लपटी गांव के पास नाले का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। पुलिस टीम लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर रख रही है।**

**मंडला और बिछिया में ज्यादा बारिश-** भू अभिलेख विभाग के अनुसार, जिले में औसतन 19.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। तहसीलवार आंकड़ों में नैनपुर में 27.6, मंडला में 27.2, बिछिया में 24.1, घुघरी में 18.6, निवास में 12.8 और नारायणगंज में 5.8 मिमी बारिश हुई।

**आने वाले 24 घंटे भी भारी-** इस मानसून सीजन में 3 जुलाई तक जिले में 381.6 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 220.6 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए मंडला जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

# स्टॉक में गड़बड़ी, पेट्रोल पंप सील, एसडीएम ने मंडला के दो पेट्रोल पंपों की जांच की





**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला में गुरुवार को पेट्रोल पंपों की जांच की गई। एसडीएम सोनल सिडाम ने शहर के दो पेट्रोल पंप नन्द किशोर एंड कम्पनी और साईं नाथ फ्यूल्स का निरीक्षण किया। यह जांच ईंधन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच के लिए की गई। एसडीएम ने पंपों पर माप-तौल की सटीकता, ईंधन की उपलब्धता और सुरक्षा मानकों की जांच की। उन्होंने पंप रिकॉर्ड्स की जांच की और स्टाफ से जानकारी ली। जिला आपूर्ति अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। इसी दिन घुघरी विकासखंड में तहसीलदार चंद्रकुमार वट्टी ने निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पेट्रोल के रिकॉर्डेड स्टॉक और भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। तहसीलदार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के सभी नोजल और टैंकों को सील कर दिया।



# स्कूल से लौट रहे 10 वी के छात्र का अपहरण, महाराष्ट्र के भंडारा में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटकर भागा, देररात घर पहुंचा बालक

## परिजनो ने कोतवाली में की शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट ।** नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 10 वी कक्षा के छात्र के अपहरण का मामला सामने आया है, हालांकि अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटकर, छात्र, घर लौट आया हैं। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना गुरूवार को, कोतवाली पुलिस को दी है। बालक आदर्श पिता दीपक चौधरी, ग्रामीण थाना अंतर्गत बगदर्रा कटंगी के रहने वाले है।

घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिकायत करने आए, बालक से पूछताछ के बाद कंट्रोल रूम में बने सीसीटीव्ही सेंटर में बालक को ले जाकर, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला और घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि अपहरण मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।




घटना बीते बुधवार की दोपहर तकरीबन 12 से 1 बजे के बीच की है, जब कक्षा 10 वीं का छात्र, आदर्श घर लौट रहा था। इस दौरान ही अंडरपास ब्रिज में उसे 500 का नोट पड़ा दिखाई दिया। जैसे ही वह उसे उठाने गया, दो लोगों ने उसे पकड़कर एक वाहन में डाल दिया।

बालक आदर्श ने बताया कि वाहन में बैठाने के बाद, कोई पदार्थ सुंघाया। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। महाराष्ट्र के भंडारा में जब गाड़ी में बैठे लोग, पेशाब करने वाहन से उतरे, तो वह गाड़ी से निकलकर, बाहर आया और दौड़ते हुए, शोर मचाया। जिसके बाद कुछ लोग उसे बचाने आए, जिन्हें देखकर, उसे अपहरण कर ले जा रहे लोग, वाहन में सवार होकर फरार हो गए। बालक आदर्श ने बताया कि, कुछ लोग, जिन्हें देखकर अपहरणकर्ता, भाग गए, उन लोगों ने मुझे ट्रेन से गोंदिया तक भिजवाया। यहां रेलवे स्टेशन में उन्होंने टीटीई को अपनी जानकारी दी। जिन्होंने मेरे पिता से संपर्क किया।

बताया जाता है कि आदर्श के पिता भवन निर्माण कार्य में मिस्त्री का काम करते है और उनकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है और ना ही वह कोई लैंडलाड है, तो फिर आदर्श का अपहरण क्यों किया गयाड़ यह सवाल, बालक आदर्श के अपहरण से खड़ा हो रहा है, जिसका जवाब भी पुलिस तलाश रही है। बालक आदर्श के पिता दीपक चौधरी बताते है कि आदर्श उनका छोटा बेटा है, दिन भर घर नहीं आया तो लगा कि, आदर्श, स्कूल से आने के बाद बुआ के घर से कोचिंग चले गया होगा लेकिन शाम को जब वह कोचिंग से नहीं आया तो चिंता होने लगी। हम, उसे आसपास ढूंढने लगे। इसी दौरान उन्हें, शाम 6 से 7 बजे के बीच गोंदिया रेलवे स्टेशन के टीटीई का एक फोन आया, जिसमें उसने बताया कि बालक आदर्श, गोंदिया स्टेशन में है, जो रो रहा है। जिसके बाद हम, गोंदिया पहुंचे और वहां से बेटे को लेकर रात 12 से एक बजे के बीच गांव पहुंचे। रात में ही हम ग्रामीण थाना पहुंचे, लेकिन घटनास्थल बालाघाट होने से ग्रामीण पुलिस की सलाह पर आज गुरूवार को कोतवाली में बच्चे के साथ कोतवाली थाना शिकायत करने आए हैं। फिलहाल पुलिस मामले में अपहरण को लेकर जांच की बात कह रही है।




## कर्मचारी संघ ने बैठक कर ज्वलंत बिंदुओं पर विस्तार से की चर्चा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर ।**

सभी कर्मचारी संघ से प्रत्येक तिमाही मीटिंग करने समान्य प्रशासन के आदेशानुसार गत 30.06.2025 को मध्यक्षेत्र कम्पनी भोपाल के प्रबंध संचालक द्वारा क्षितिज सिंघल द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के साथ 29 बिंदु ज्वलन्त एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के प्रांतीय संगठन सचिव मनमोहन पनिका एवं प्रांतीय सचिव श्रीं-सत्यशील भीमटे द्वारा संगठन का प्रतिनिधित्व किया गया जिसमें प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल द्वारा समस्त कम्पनी स्तर की समस्याओं पर सकारात्मक निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में संगठन की ओर से संघ के संस्थापक एम.एल. शाक्या , प्रांतीय अध्यक्ष सूर्यदेव जयसिंह , प्रांतीय सचिव सत्यशील भीमटे, प्रांतीय संगठन सचिव मनमोहन पनिका, कैलाश चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष-सी.पी. गोलाईत, उपाध्यक्ष-विनोद कटारे, सचिव राजरत्न मेश्राम , राकेश भादले एवं महिला प्रतिनिधि पार्वती मरकाम सहित अन्य लोगो की मौजूदगी रही।

## भाजपा नेता जनपद सभापति के खिलाफ अजाक्स थाने में शिकायत

### आदिवासी सचिव के साथ की जातिगत गाली-गल्लौज, शासकीय कार्य में बाधा का आरोप, सचिव संगठन ने कार्यवाही नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कोचेवाड़ा और मोरिया पंचायत प्रभारी सचिव चैनलाल वाड़िवा ने भाजपा नेता जनपद सभापति भुवनेश्वर रजक के खिलाफ,जातिगत रूप से गाली गल्लौच करने और शासकीय कार्य में बाधा पैदा करने की शिकायत, अजाक्स थाना, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत और जनपद सीईओ से की है।








आदिवासी सचिव के साथ हुए इस घटनाक्रम को लेकर सचिव संगठन ने नाराजगी जाहिर करते हुए ती दिनो में कार्यवाही नहीं होने पर काम बंद आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल, जनपद पंचायत में निर्माण समिति के सभापति, भुवनेश्वर रजक, वही है, जिनके कमरे में, भाजयुमो अध्यक्ष द्वारा शिक्षिका के साथ यौन शोषण का आरोप लगा था। इसी सभापति पर बिना निर्माण कार्य किए एक लाख 15 हजार रूपए के फर्जी बिल को पास नहीं करने पर आदिवासी सचिव के साथ जातिगत अश्लील गाली-गल्लौज कर, जान से मारने की धमकी देने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत पीड़ित आदिवासी सचिव चैनलाल वाड़िवा ने की। पीडित सचिव चैनलाल वाड़िवा ने बताया कि 2 जुलाई बुधवार को वे पाथरवाड़ा पंचायत में थे, इसी दौरान सभापति भुवनेश्वर रजक आए और फर्जी बिल लगाने का दबाव बनाने लगे, चूंकि पंचायत में उपसरपंच और पंच बिल का विरोध कर रहे है, जिसके कारण मैंने उन्हें उनसे पूछ लेने की बात कही। जिस पर वह नाराज हो गए और फर्जी बिल लगाकर उसका भुगतान कराने का दबाव बनाने लगे, जिसका विरोध करने पर, उन्होंने जातिगत रूप से अपमानित करते हुए अश्लील गाली-गल्लौच की।

मामले में पंचायत सचिव संगठन ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल धावड़े ने बताया कि, सभापति भुवनेश्वर रजक सचिव वाड़िवा को अपमानित करने का काम किया है। उनपर फर्जी बिल लगाने का दबाव डाला गया है और जब सचिव ने फर्जी बिल लगाने से मना कर दिया तो उसके साथ गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार किया गया है। जिस पर एफआईआर की मांग की गई है, यदि 03 दिनों के भीतर सभापति पर एफआईआर दर्ज कर कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाती तो सचिव संगठन काम बंद कर आंदोलन करेगा। भुनेश्वर रजक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन बद आ रहा था।

## वनविकास समिति लेंडेझरी के अध्यक्ष बने रूपचंद बिसेन, तीन उम्मीदवारों ने दिया समर्थन तो एक उम्मीदवार ने लिया नाम वापस





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वनविकास समिति लेंडेझरी के निर्वाचन में रूपचंद पिता बानाजी बिसेन, निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गए है। हालांकि चुनाव कार्यक्रम के तहत, अधिकृत घोषणा कल की जाएगी लेकिन, चुनाव में सभी प्रत्याशियों के नामांकन फार्म वापस ले लिए जाने से यह साफ हो गया है कि रूपचंद बिसेन, वन विकास समिति लेंडेझरी के नए अध्यक्ष होंगे।

जो चित्रसेन चौहान का स्थान लेंगे चित्रसेन चौहान का कार्यकाल 8 वर्षों का रहा। जिसमें उन्होंने वन समिति के अनेकों विकास कार्य किए। दरअसल, चुनाव कार्यक्रम के तहत वन विकास समिति लेंडेझरी के निर्वाचन की जारी अधिसूचना के अनुसार 30 जून से 1 जुलाई तक नामांकन और 3 जुलाई तक नामांकन फार्म वापसी का समय निर्धारित था। निर्वाचन के लिए रूपचंद बिसेन, निवर्तमान अध्यक्ष चित्रसेन चौहान, युवा नेता थानसिंह चौहान, लेंडेजरी ग्रा.पं.वार्ड 3 के पंच निरंजन बिसेनऔर पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि भाजपा नेता बाबुलाल भगत ने अपना नामांकन जमा किया था।

लेकिन नामांकन फार्म वापसी तक चित्रसेन चौहान, थानसिंह चौहान, निरंजन बिसेन ने, रूपचंद बिसेन के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया। जबकि 03 जुलाई को पूर्व सरपंच और जनपद सदस्य प्रतिनिधि भाजपा नेता बाबुलाल भगत ने अपना नामांकन फार्म वापस ले लिया। जिससे निर्वाचन में रूपचंद बिसेन, इकलौते प्रत्याशी होने से, वह निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

आपको बताते चले कि रूपचंद बिसेन, गर्रा सरपंच और सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के खेमे के माने जाते है, जिन्हें अध्यक्ष बनाने के लिए वैभवसिंह बिसेन और पूर्व जनपद सभापति श्रीमती रंजना राधेलाल चौहान चुनाव की घोषणा और अधिसूचना जारी होने के बाद से लगातार सक्रिय रहे और अंततः सक्रियता और राजनीतिक विद्वता से उन्होंने अपने साथी रूपचंद बिसेन को निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, 60 वर्ष की आयु से आजीवन प्राप्त होगी 03 हजार रुपये की पेंशन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक, अंशदायी पेंशन योजना है। जिसका उद्देश्य 60 वर्ष की आयु पार कर चुके व्यक्तियों को 03 हजार रुपये प्रति माह की मासिक पेंशन प्रदाय करना है। जिला श्रम पदाधिकारी राकेश ठाकरे ने बताया कि इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मिलता है, जिनमें सड़क विक्रेता, कूड़ा बीनने वाले, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, घरेलू कामगार, बुनकर, कारीगर, मछुआरे और चमड़ा कामगार आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवार की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तक होनी चाहिए। साथ ही उसकी मासिक आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे कम होनी चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवार के पास अनिवार्य रूप से आधार कार्ड व बचत जनधन खाते के दस्तावेज होने चाहिए।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास, बालाघाट के सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला, आरोपी पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से की थी हत्या

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

साल 2024 की 26 जून को जिले के लांजी अनुविभाग के बहेला थाना अंतर्गत मनेरी में पति कैलाश हटिले ने अपनी पत्नी सरिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। जिस मामले में 3 जुलाई को बालाघाट न्यायालय के सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण की अदालत ने आरोपी को पत्नी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और एक हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला दिया है।



मामले में लोक अभियोजन एम.एम. द्विवेदी ने बताया कि मनेरी निवासी कैलाश और सरिता के तीन पुत्र जितेन्द्र, रमेश और दिनेश थे। जो नागपुर, हैदराबाद और आंध्रप्रदेश में नौकरी करते थे। चूंकि कैलाश, शराब पीकर, अक्सर, अपनी पत्नी सरिता से मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर सरिता अपने बेटे दिनेश के यहां नागपुर चली गई थी। दिनेश को बेटा होने के कारण, उसका नामकरण, संस्कार, मनेरी में आयोजित किया गया था।

जिसके कारण, वह बेटे के साथ गांव आ गई थी। गांव में बेटे दिनेश के बच्चे के नामकरण कार्यक्रम में कई रिश्तेदार, शामिल हुए थे। जिन्होंने कैलाश को समझाया था कि वह पत्नी के साथ मारपीट ना करे। तब उसने कहा था कि अब वह ऐसा नहीं करेगा। जिसके कारण पत्नी सरिता, फिर पति के साथ रहने लगी थी, लेकिन कैलाश की आदतो में कोई सुधार नहीं आया। 26 जून 2024 को, फिर कैलाश ने पत्नी के साथ मारपीट की। जिस पर पत्नी सरिता ने कहा कि वह अब यह नहीं रहेगी और नागपुर चली जाएगी। जिससे आक्रोशित होकर, कैलाश ने घर में रखी कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन और अन्य जगहो पर कई वार किए और पत्नी को लहुलुहान हालत में कमरे में छोड़कर दरवाजा लगाकर, कैलाश घर से निकल गया। घर से निकलकर, कैलाश, एक चाय की दुकान में गया। जहां उसने चायवाले को बताया कि उसने अपनी पत्नी सरिता की हत्या कर दी और लाश घर में पड़ी है। जिसके बाद इस घटना की सूचना बहेला पुलिस को दी गई।

घटना की जानकारी के बाद बहेला पुलिस ने पत्नी सरिता की हत्या के मामले में आरोपी कैलाश हटिले को गिरफ्तार कर, न्यायालय में पेश किया। जो वर्तमान तक जेल में ही बंद था।

इस मामले की अंतिम सुनवाई के बाद 03 जुलाई को बालाघाट न्यायालय के सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत ने आरोपी को पत्नी की हत्या में दोषी पाया और उस आजीवन कारावास और अर्थदंड के दंड से दंडित करने का आदेश दिया।

## केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी की कक्षा 01 से 05 में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 10 जुलाई हुई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** केंद्र सरकार द्वारा बालाघाट जिले के तिरोड़ी को केंद्रीय विद्यालय की सौगात दी गई है। तिरोड़ी के केंद्रीय विद्यालय में 01 से 05 तक की कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया 30 जून 2025 से प्रारंभ हो गई है। केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 01 से 05 तक प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीयन 30 जून 2025 से प्रारंभ है। प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि पूर्व में 07 जुलाई निर्धारित की गई थी। अब इस तिथि में परिवर्तन कर 10 जुलाई कर दिया गया है। विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन करने वाले आवेदक छात्र-छात्राओं की अस्थाई चयन सूची और प्रतीक्षा सूची 14 जुलाई को प्रातः 10 बजे विद्यालय में प्रदर्शित कर दी जाएगी और इसके साथ ही प्रवेश एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अंतिम तिथि 26 जुलाई 2025 निर्धारित है।

## बजरंगदल प्रांत संयोजक यतेन्द्र पाठक का बालाघाट आगमन आज



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बजरंगदल जिला संयोजक सुरेन्द्र नगपुरे ने बताया कि 4 जुलाई शुक्रवार को बजरंगदल के प्रांत संयोजक यतेन्द्र पाठक एक दिवसीय प्रवास पर बालाघाट आ रहे हैं। जिनके साथ सिवनी विभाग संयोजक देवेन्द्र सेन भी बालाघाट आ रहे है। यहां पदाधिकारीद्वय दोपहर 2 बजे, विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में बजरंगदल प्रखंड टोली एवं जिला टोली की बैठक लेंगे और टोली को संगठन के विषयों से मार्गदर्शित करेंगे।

RED WINE SHOP
अब आपके शहर बालाघाट में...

वाइन क्या है ? वाइन ताजा अंगुर के रस से बना एक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है,वाइन में प्राकृतिक रुप से पानी ,शर्करा ,एल्कोहल विटामिन्स,फिनॉल व कई प्रकार के आग्रेनिक एसीड पाए जाते है,वाइन के निश्चित मात्रा में नियमित सेवन से कई बीमारियॉं से बचा जा सकता है।

वाइन कैसे बनती है ? वाइन बनाने की प्रक्रिया को Fermentation Process कहते है। जिसमें वाईन बनाने के लिऐ अंगूर के जूस में खमीर मिलाया जाता है,जो कि जूस के अंदर मौजूद शुगर के साथ क्रिया कर के उस शुगर को अल्कोहल में परवर्तित कर देता है। यही प्रक्रिया Fermentation कहलाती है।

वाइन के प्रकार 1. ड्राई वाइन (Dry Wine) - इन वाइन का स्वाद पीने में मिठा नही होता है। यह ड्राई वाईन नेचुरल भी होती है। इसमे किसी भी प्रकार का फ्लेवर या अल्कोहल अलग से नही मिलाया जाता।इसे शुगर का मरीज आसानी से मेडिसीन के तौर पर निश्चित मात्राा में पी सकता है। जो कि शरीर के लिए लाभदायक है।यह वाईन फॉरेन टेस्ट प्रोफाईल की होती है, जो कि स्वाद में हल्की कड़वी / खट्टी (ड्राई) होती है। यह कलर में डार्क रेड होने के साथ-साथ स्वीट वाईन के मुकाबले गाढ़ी (मिडीयम बॉडी वाईन) होती है। इसका आफ्टर टेस्ट (पीने के बाद का स्वाद) समझने की कोशिश करें तो यह हल्का खट्टा-मिठा और ड्राई फील कराती है।

2. फोर्टीफाईड वाइन (Fortified Wine) - जब वाईन में नये स्वाद के लिए किसी प्रकार का फ्लेवर थोड़ा मिठा करने के लिए शुगर,और अधिक स्ट्राँग करने के लिए अल्कोहल मिलाया जाता है, तो उस प्रक्रिया को फोर्टीफिकेशन कहा जाता है। फोर्टीफाईड वाइन स्वाद में मिठी और फ्लेव्रड होने के साथ साथ स्ट्राँग भी होती है। पोर्ट वाईन भी इसी मैथड पर बनती है क्योंकि वह भी स्वीट और स्ट्राँग वाईन की कैटेगरी मे आती है।

वाइन का स्वास्थ्य पर लाभप्रद प्रभाव -?
1. वाइन का नियमित सेवन (प्रतिदिन Male 120&160-Female 60&120 ml )हार्ट आटेक (Heart Attack) की संभावना को 80ः तक कम करता है।
2. रक्त परिसंचरण को व्यवस्थित कर शरीर मे ऑक्सीजन की उपलब्धता करता है।
3. वाइन में पाया जाने वाला फिनॉल जिन्हे टेनिन कहा जाता है,में एन्टी ऑक्सीडेन्ट गुण पाये जाते है,जिनका स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा प्रभाव पडता है।
4. वाइन में एन्टी एजिंग का गुण पाया जाता है,जो कि त्वचा से फ्री रेडिकल्स हटाता रहता है तथा झुरियॉं नही होने छेता है।
5.वाइन में कार्सिनोजीन्स (कैंसर उत्पन्न करने वाला कारक)के निर्माण को रोकने की अदभूत क्षमता होती है जिससे कैंसर रोग से बचा जा सकता है।
6.वाइन कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है।
7.वाइन पाचन तंत्र को सुव्यस्थित करता है।
8.वाइन किडनी की कार्य क्षमता को बढ़ाकर शरीर से विषैले पदार्थ (Toxin) के उत्सर्जन में सहायता करता है।
9. वाइन का नियमित सेवन रक्त में एल्कोहल की मात्रा को नियमित कर बॉडी को रिलेक्स करता है। जिससे शारीरिक व मानसिक तनाव घटता है।
10. ड्राय वाइन शुगर फ्री होती है,जो डायबिटीज के रोगी लिये भी लाभप्रद हैं।

शराब छोड़े जीवन अपनाऐं
मदिरापान स्वास्थ के लिए हानिकारक है।

पता : होटल मल्लिकाअर्जुन के पास ,गोंदिया रोड़ बालाघाट
मोबाईल नं. 9098152277

## संपादकीय

# हिंदी साम्राज्यवादी भाषा नहीं

महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी के गुंडों ने एक दुकानदार को थप्पड़ों से खूब पीटा। कारण सिर्फ यह था कि दुकानदार मराठी भाषा में बोल नहीं पाया। यह दुकानदार की ही नहीं, बल्कि देश की राजभाषा हिंदी की पिटाई की गई है। ऐसे असंख्य मामले तमिलनाडु में भी सामने आए हैं, जहां हिंदी भाषियों को लतियाया गया है। मुंबई में राजनीतिक गुंडे उत्तरी भारत के लोगों को बार-बार खदेड़ते रहे हैं, लिहाजा यह एक संवेदनशील मुद्दा बन गया है। दरअसल केरल में नंबूदरीपाद से लेकर तमिलनाडु में पेरियार के हिंदी-विरोधी आंदोलन तक हिंदी लगातार पिटती रही है। उस पर राजनीतिक आरोप चस्पां किए जाते रहे हैं कि यह साम्राज्यवाद की भाषा है। संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल अन्य भाषाओं को खा जाएगी। उनके भाषा-क्षेत्र पर कब्जा कर लेगी। ये मिथ्या धारणाएं हैं। संविधान में कोई साम्राज्यवादी भाषा स्थान पा सकती है? भारत के संविधान में हिंदी को संघ की राजभाषा के तौर पर मान्यता दी गई है। देवनागरी को आधिकारिक लिपि के रूप में स्वीकार किया गया है। संविधान सभा में इस पर लंबी चचाएं की गईं, अंततः 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा तय किया गया। संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी संबंधी प्रावधान हैं। संविधान का भाग 17, अनुच्छेद 343 से 351 तक, राजभाषा से संबंधित प्रावधानों को समर्पित है। अनुच्छेद 351 में केंद्र सरकार को हिंदी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्त्वों को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन सके। देश हर 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाता है, बेशक हमें ऐसे आयोजन और ऐसी व्यवस्था रस्मी लगते रहे हैं। यकीनन हिंदी देश के बहुसंख्यक वर्ग की भाषा है। करीब 60-65 करोड़ भारतीय हिंदी बोल, लिख, समझ और अभिव्यक्त कर सकते हैं। मराठी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, तेलुगू आदि अहिंदी भाषी राज्यों, क्षेत्रों के राजनेता, सांसद, लेखक, कलाकार आदि हिंदी भाषा सीखते हैं, बोलने का अभ्यास करते हैं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक बन सकें। कई अहिंदी भाषी लेखक, बंगाल की महाश्वेता देवी और महाराष्ट्र के विजय तेंदुलकर आदि, तभी राष्ट्रीय बन पाए और उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार आदि से सम्मानित किया गया, जब उनकी कृतियों के हिंदी अनुवाद प्रकाशित हुए। बंगाल के प्रतिष्ठित, विख्यात लेखक शरत चंद्र और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास हिंदी के प्रकाशकों ने खूब छापे हैं। देश में उनका एक निश्चित पाठक वर्ग भी है। भारत के सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार हैं रवींद्र नाथ टैगोर। उनकी गीतांजलि का अनुवाद भी हिंदी में किया गया, जो आज तक हिंदी पाठकों के बीच बिक रहा है। सवाल है कि देश को भाषायी आधार पर क्यों बांटा जा रहा है? यदि महाराष्ट्र में किसी हिंदी-भाषी दुकानदार को पीटा जाता है अथवा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मद्देनजर त्रिभाषा फॉमूर्ले में भी हिंदी का स्थान छीना गया है, तो यह सरासर संविधान का उल्लंघन है, लिहाजा आपराधिक भी है। यह ठाकरे बंधुओं की क्षुद्र राजनीति हो सकती है, क्योंकि बीएमसी के चुनाव बहुत करीब हैं। राज ठाकरे के सियासी गुंडे तो लंबे अंतराल से महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों को पीटते रहे हैं, लेकिन मराठी मानुष भी उस पार्टी को वोट नहीं देते, लिहाजा उसका एक भी विधायक सदन में चुन कर नहीं आ पाया है। मुंबई में बॉलीवुड भी है, जो अरबों का एक उद्योग है। देश भर से लोग उसमें सक्रिय हैं। जो घोषित तौर पर सुपर स्टार हैं और अरबों कमा रहे हैं, उनमें से अधिसंख्य मराठी नहीं हैं। आज वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं? शायद वे भी ठाकरे बंधुओं की राजनीति से डरते होंगे! वे सुपर स्टार कहां छिप जाते हैं, हमें नहीं पता। इन दिनों बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्में हिंदी में डब की जा रही हैं। रजनीकांत और कमल हासन इसी तरह राष्ट्रीय सुपर स्टार बन सके। ऐसी फिल्में खूब मुनाफा कमाती हैं, लेकिन हिंदी की बात आती है, तो पीटने वालों के पीछे छिप जाते हैं। यह कैसी नैतिकता और राष्ट्रीयता है? बहरहाल हिंदी विश्व की चौथे नंबर की भाषा है। लोकसभा की आधी से अधिक सीटें हिंदी क्षेत्र की हैं। देश के सर्वाधिक प्रधानमंत्री हिंदी क्षेत्रों से आए हैं। ऑक्सफोर्ड शब्दकोश ने हमारे कई शब्दों को ग्रहण किया है। करीब 150 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। ऐसी भाषा साम्राज्यवादी कैसे हो सकती है?

# पीएम मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती, भारत की वैश्विक धमक बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।



बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरूआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा। उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया। वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अजेर्टीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अजेर्टीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे। सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अजेर्टीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अजेर्टीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अजेर्टीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था। वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआइ के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे।

भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है। हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा। बताया जा रहा है कि समिट से इतर वह कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के कदमों पर विचार विमर्श करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

वहीं, 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नामीबिया की अपनी पहली यात्रा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी वहां के संसद को संबोधित करेंगे। नामीबिया जाने वाले वह तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया। मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। बता दें कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में मात्र 30 लाख डॉलर था जो अब करीब 60 करोड़ डॉलर पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया के खनन, मैन्यूफैक्चरिंग, डायमंड प्रोसेसिंग और सेवाओं के क्षेत्र में निवेश किया है। पीएम मोदी ने अपनी बहु-देशीय यात्रा के परिणामों के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी दोस्ती के बंधनों को मजबूत करेंगी, अटलांटिक के दोनों पक्षों पर हमारी साझेदारी को और गहरा करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों में हमारी भागीदारी को बढ़ाएंगी।

## राशिफल

**मेष राशि :-** स्वभाव में अचानक परिवर्तन हो सकता है, व्यवसाय में अच्छी गति होगी।

**वृष राशि :-** कार्यो में सफलता मिले, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु कमजोर होंगे।

**मिथुन राशि :-** सप्ताह उत्तम फलकारक हो, अधिकारियों का पूर्ण समर्थन-सहयोग मिले।

**कर्क राशि :-** नौकरी में व्यवधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं रहेगा, ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आप आनंद का अनुभव करेंगे, केतू गृह पीड़ाकारक है, आपसी मतभेद से बचें।

**कन्या राशि :-** मनोरंजन से अति हर्ष होगा, व्यवसाय में लाभ होगा, रुके कार्य बन जायेंगे।

**तुला राशि :-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विशेष ध्यान देंगे।

**वृश्चिक राशि :-** मानसिक तनाव अकस्मिक बढ़ेगा, स्वजनों से सहानुभूति अवश्य होगी।

**धनु राशि :-** व्यवसाय की उन्नति से अर्थिक स्थिति में विशेष सुधार अवश्य होगा।

**मकर राशि :-** विलास सामग्री का संचय होगा, अधीकारी वर्ग की कृपा का लाभ मिले।

**कुंभ राशि :-** इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले, उन्नति एवं लाभ के योग बनेंगे।

**मीन राशि :-** गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा से परेशानी अवश्य ही होगी।

# रिकॉर्ड अलर्ट: स्कोडा ऑटो इंडिया ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी छमाही बिक्री




### जनवरी से जून 2025 के बीच कंपनी ने बेचीं 36,194 गाड़ियाँ

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगाँठ मना रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स?कोडा के प्रोडक?ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है। हमारे ग्राहक हर दिन अपने आसपास की दुनिया को एक?स?प?लोर करना पसंद करते हैं। हमारे पोर्टफोलियो में कायलैक को जोड़कर, हम अब ह्यहर किसी के लिए एक एसयूवीह्न एवं हमारी सेडान गाड़ियों के जरिए उनके सफर को और बेहतरीन बना रहे हैं। हमारा मकसद भारत में अपने उत?पादों, सेवाओं एवं टचपॉइंट्स के साथ हमारे ग्राहकों के और करीब आना है। यह उपलब्धि हमें समय पर नए उत्पाद लाकर, अपनी गाड़ियों और सेवाओं को बेहतर बनाकर, और शानदार स्वामित्व अनुभव के साथ ग्राहकों का लगातार विश्वास जीतने पर फोकस करके प्रासंगिक बने रहने के लिए प्रोत?साहित करती है।

### बिक्री में रचा नया इतिहास

2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचकर कंपनी भारत में सात शीर्ष ऑटोमोटिव ब्रांड्स में शामिल हो गई है। 2024 की रैंकिंग से इसमें चार पायदान की छलांग देखने को मिली है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2022 की पिछली सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक बिक्री 28,899 गाड़ियों के आँकड़े को भी पार कर लिया है।

**हर किसी के लिए एसयूवी और सेडान विरासत को बनाए रखते हुए :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2025 की शुरूआत काइलैक के लॉन्च के साथ की, जो ग्राहकों के लिए इसका पहला 4 मीटर से छोटा एसयूवी है। यह गाड़ी स्कोडा परिवार में एक नया और किफायती विकल्प है, जो बड़े शहरों (टियर 1) में ब्रांड की पहुँच को बढ़ाने और छोटे शहरों (टियर 2 और 3) में विस्तार करने में मदद कर रहा है।

# लहरिया डिजाइन में ट्राई करें को-ऑर्ड सेट, लगेंगी बेहद खूबसूरत

अगर आप भी नए डिजाइन को-ऑर्ड सेट सर्च कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको को-ऑर्ड सेट के कुछ ऑप्शन दिखा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।

हर दूसरे दिन फैशन में कुछ न कुछ बदलाव देखने को मिलता है। फैशन ट्रेंड में बदलाव के साथ ही लोगों के आउटफिट को स्टाइल करने का तरीका भी बदल जाता है। क्योंकि इससे हम फैशन ट्रेंड के साथ-साथ चलते हैं। साथ ही हमें कुछ नया ट्राई करने का भी मौका मिलता है। वहीं आज के समय में हर किसी को को-ऑर्ड सेट स्टाइल करना बेहद पसंद है। ऐसे में हम सभी अलग-अलग डिजाइन खोजते हैं, जिसके कि हम अधिक स्टाइलिश दिख सकें। अगर आप भी नए डिजाइन को-ऑर्ड सेट सर्च कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको को-ऑर्ड सेट के कुछ ऑप्शन दिखा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।



### लहरिया प्रिंटेड एम्ब्राइडरी वर्क को-ऑर्ड सेट

अगर आप भी एम्ब्राइडरी वर्क वाले आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। तो आप लहरिया प्रिंटेड एम्ब्राइडरी वर्क को-ऑर्ड सेट ट्राई कर सकती हैं। इसमें ऊपर वाले टॉप पर एम्ब्राइडरी वर्क होता है। जो आपके लुक को अच्छा बनाता है। वहीं आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसमें आपको प्रिंट के हिसाब से एम्ब्राइडरी मिलेगी। इसको कैरी करने से आपका लुक अधिक स्टाइलिश लगेगा। इस तरह के आउटफिट को आप पार्टी में भी पहन सकती हैं। बता दें कि मार्केट में इस तरह के को-आर्ड सेट 500-1000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे।

### पैंट को-ऑर्ड सेट विद डिजाइनर बेल्ट

इसके अलावा आप को-ऑर्ड सेट को पैंट स्टाइल में भी खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको लॉन्ग कुर्ता स्टाइल टॉप मिलेगा। इसके साथ आपको डिजाइनर बेल्ट भी मिलेगी। इससे आपका आउटफिट और भी अच्छा लगेगा और आप भी स्टाइलिश नजर आएंगी। इसमें आपको दो कलर के साथ डिजाइन मिलेगी। जिससे आपका लुक देखते ही बनेगा। मार्केट में 1,000-2,000 तक इस तरह का आउटफिट मिलेगा।

### सिंपल लहरिया को-ऑर्ड सेट

अगर आप ऑफिस के लिए भी को-ऑर्ड सेट स्टाइल करना चाहती हैं। तो आप सिंपल लहरिया को-ऑर्ड सेट ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको शर्ट स्टाइल को-ऑर्ड सेट मिलेगा। आप चाहें तो इसमें अलग-अलग कलर ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के को-आर्ड सेट मार्केट में 250-500 रुपए तक में मिल जाएंगे। लहरिया प्रिंट के को-ऑर्ड सेट को स्टाइल करने पर आपको अच्छा लुक मिलेगा। इसमें आपको अलग-अलग कलर व डिजाइन भी मिलेंगे।



# निसान ने 6 राज्यों में नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनजी रेट्रोफिटमेंट के दूसरे चरण की शुरूआत की

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। निसान मोटर इंडिया ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के दूसरे चरण की शुरूआत का एलान किया। इको फ्रेंडली सीएनजी का विकल्प अब राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। पहले चरण में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट विकल्प को 7 राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया था। दूसरे चरण की लॉन्चिंग के साथ अब सीएनजी रेट्रोफिट वैरिएंट देश के 13 राज्यों में उपलब्ध है। कंपनी इसके तीसरे चरण की तैयारी भी कर रही है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा नई निसान मैग्नाइट भारत में हमारे विकास को गति देने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और हम ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप इसकी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरूआत स्वच्छ परिवहन की बढ़ती मांग और मैग्नाइट की खूबी से समझौता किए बिना ग्राहकों को भरोसेमंद एवं उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा प्रमाणित किट, अधिकृत फिटमेंट और व्यापक डीलर नेटवर्क के साथ इस पहल से मैग्नाइट का वैल्यू प्रपोजिशन बेहतर होगा, साथ ही सुगम एवं पर्यावरण के अनुकूल समाधान को लेकर हमारे फोकस को भी मजबूती मिलेगी। इस किफायती और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी सॉल्यूशन को लेकर ग्राहकों की मजबूत मांग को देखते हुए दूसरा चरण शुरू किया गया है। रेट्रो फिटमेंट किट को सरकार द्वारा प्रमाणित थर्ड पार्टी वेंडर मोटोजेन ने डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया है। इसका इंस्टॉलेशन स्थानीय नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन वाली होमोलोगेटेड किट का प्रयोग करते हुए सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किया जाएगा। मोटोजेन इस किट कंपोनेंट पर 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी दे रही है। 74,999 रुपये की आकर्षक कीमत में उपलब्ध कराई जा रही रेट्रोफिटमेंट किट नई मैग्नाइट के 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वैरिएंट के लिए होगी। अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा 336 लीटर बूट स्पेस के साथ मैग्नाइट लगातार बेहतरीन लगेज कैपेसिटी प्रदान कर रही है।

# कांबिंग गश्त में 59 गिरफ्तार वारंटी और 38 स्थाई वारंटी धराए

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, निगरानीशुदा बदमाशों पर सतत दृष्टि तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक प्रबल करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। संवेदनशील मोहल्लों, अपराधियों के संभावित ठिकानों, पुरानी घटनाओं से जुड़े क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण अंचलों में पैदल गश्त एवं वाहन पेट्रोलिंग की गई।**



## अभियान के दौरान की गई प्रमुख कार्यवाहियां

गिरफ्तारी वारंटी - काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 59 वारंटी गिरफ्तार किए गए, स्थाई वारंटी - कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 38 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए, गुंडा चेकिंग -पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 41 गुंडा चेक किए गए, निगरानी बदमाश - कटनी पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 41 निगरानी बदमाश चेक किए गए, अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 14 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए संमंस जमानती वारंट- कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 48 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हुई कार्यवाही - कटनी पुलिस द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई।

**धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही** - परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 126,135 बीएनएसएस की कार्यवाही - परिशांति कायम रखने हेतु 69 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही - परिशांति कायम रखने हेतु 08 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

## कांबिंग गस्त के दौरान की गई अन्य कार्रवाई

संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग व सत्यापन, अवैध गतिविधियों (जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध हथियार आदि) की चेकिंग, होटल, लॉज, ढाबों आदि का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेज जांच, कांबिंग गश्त का उद्देश्य सिर्फ अपराध पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। कटनी पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।"



अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा -निर्देश

# कलेक्टर ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत गुरूवार 3 जुलाई को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस ,स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सौरभ अग्रवाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ईश्वर बहरानी, बहुजन समाज पार्टी से डी सी राम, कार्यपालन यंत्री आर ई एस गौरीशंकर खटीक, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर, माखन सिंह उपस्थित रहे।

देवारण्य योजना के तहत रोंपे पौधे 6 से 8 फीट ऊँचे हुये

# सफलता की कहानी: औषधीय एवं फलदार पौधों के रोपण से वीरान टेकरी हुई हरी-भरी

**कटनी ।जिले के विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत पठरा के ग्राम बिजौरी में आम के आम और गुठलियों के दाम की कहावत को चरितार्थ होते देखा जा सकता है। यहां ग्राम बिजौरी के वीरान पड़ी छोटी टेकरी के करीब 6 एकड़ के वीरान भू-भाग में मनरेगा योजनांतर्गत औषधीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधारोपण ने कुछ वर्ष पहले तक उजाड़ रहे भू-भाग को हरा-भरा बना दिया है।**

यहां करीब 3 वर्ष पहले से रोपे जा रहे पौधे अब 6 से 8 फीट ऊँचे होकर लहलहा और इठला रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने देवारण्य योजना के तहत तैयार जिले की पहली वृहद पौधारोपण नर्सरी का निरीक्षण कर इसकी सराहना किया था और बीच-बीच में खाली जगहों पर इस साल और पौधे लगाने के निर्देश दिये थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह भी मौजूद रहे। सहायक परियोजना अधिकारी डॉ. अजीत सिंह बताते हैं कि देवारण्य परियोजना के माध्यम से 14.96 लाख रुपए की लागत से 1 हजार 370 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिनमें से अभी आंवला के 570, बेल के 100, महुआ के 50, नीम के 100, कंरज के 115, कटहल के 15, हर्रा के 50, बहेरा के 65, शीशम के 100 एवं महुआ के 50 पौधे जीवित है। अब ये पौधे पेड़ बन चुके हैं। इस वृक्षारोपण ने खाली पड़ी भूमि को हरियाली की चादर से ढंक दिया है।

इस हरियाली से गाँव की आवो-हवा अब स्वच्छ हो गई है। विभिन्न प्रजातियों के यहां इठलाते पौधों से स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ औषधीय प्रजाति के पौधों का भी लोगों को लाभ मिलेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि देवारण्य प्रोजेक्ट के शुरूआती दौर में पौधों का रोपण एवं पौधों को जीवित रखना चुनौती पूर्ण कार्य था। किंतु, ग्राम पंचायत पठरा के सरपंच, सचिव, उपसरपंच तथा सेक्टर उपयंत्री विनय सिंह, डी एस बघेल, सहायक यंत्री आरबी सिंह के कुशल तकनीकी मार्गदर्शन से पौधों की लगभग शतप्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित हो सकी है।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन शुरू

**कटनी । कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 1 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई है।**

इस क्विज का आयोजन सभी शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्परा, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूष एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक स्कूल की टीम में तीन विद्यार्थी शामिल होंगे। 1 अगस्त को लिखित परीक्षा होगी। इसमें चयनित 6 टीमें मल्टीमीडिया क्विज खेलेगी जो कि कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर क्विज मास्टर द्वारा कराई जायेगी। वहीं पर्यटन प्रभारी कमलेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह एवं क्विज मास्टर डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि मल्टीमीडिया क्विज में भाग लेने वाली सभी 6 टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थल में घूमने का मौका मिलेगा।

नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले खुद भूले नैतिकता

# श्रवण डहरवाल से दोस्ती निभा रहा विभाग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी ।** शिक्षक छात्रों को नैतिकता और ईमानदारी का पाठ पढ़ाते हैं मगर जिले में कुछ शिक्षक हैं जो नैतिकता और ईमानदारी का पाठ तो बढ़ाते हैं मगर इसका पालन खुद नहीं करते हैं ऐसा ही उदाहरण शासकीय हाई स्कूल बादलपार में पदस्थ श्रवण कुमार डहरवाल जो की नैतिकता का पाठ पढ़ाते तो हैं मगर खुद अपना लाभ लेते समय नैतिकता और ईमानदारी भूल जाते हैं। यह ऐसे शिक्षक हैं जो अपने लाभ के लिए अपने बच्चों का हिंदी मीडियम विद्यालय पर अंग्रेजी माध्यम से प्रवेश करवा लेते हैं। ऐसे शिक्षकों की जब शिकायत की जाती है तो विभाग इन्हें बचाने के लिए एड़ी चोटी की ताकत लगा देता है पहले तो इस संबंध में जानकारी मांगने





पर जानकारी नहीं दी जाती जब सूचना का अधिकार लगाया जाता है तो महीनों उस पर कार्रवाई नहीं की जाती और जब जानकारी लेने के लिए गलत खाता नंबर देकर फोटो कॉपी की राशि जमा करने के लिए कहा जाता है राशि जमा हो जाने के बाद दस्तावेज देने में लटकाया जाता है जैसे तैसे दस्तावेज मिल जाने के बाद आवेदक द्वारा विभाग में शिकायत की जाती है तो विभाग पहले तो महीना तक आवेदन पर कोई कार्रवाई करता ही नहीं आवेदक द्वारा बार-बार ऑफिसर के चक्कर काटने के बाद जांच करवाता है वह जांच होने के बाद आज भी जांच बस टेबल पर पड़ी हुई है जांच पर दोषी पाए जाने के बाद भी विभाग मूक दर्शन बन ऐसे शिक्षकों को आश्रय दे रहा है। ऐसी शिक्षकों पर कार्यवाही ना करके विभाग यही दिखाना चाहता है कि विभाग ऐसे नियम विरुद्ध हर काम को अपनी सहमति देता है जो नियम विरुद्ध हो।

# मूंग एवं उड़द फसलों के उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई

**कटनी ।** विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मूंग एवं उड़द फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन हो रहा है। जिले के किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एमपी किसान ऐप पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं। जबकि एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पंजीयन की सुविधा सशुल्क उपलब्ध है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है।

## पंजीयन हेतु आधार वेरिफिकेशन जरूरी

पंजीयन करने से पहले किसानों के आधार नंबर का वेरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन भू अभिलेख में दर्ज खाता एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर ही हो सकेगा। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा। पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना अनिवार्य है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी।

जमकर हुई आतिशबाजी, बंटी मिठाई, दी गई बधाइयां

# हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया जश्न



**कटनी।** संगठन पर्व के तहत बैतूल से वरिष्ठ भाजपा विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला भाजपा कार्यालय में आज दोपहर समस्त कार्यकताओं की उपस्थिति में जोरदार जश्न मनाया गया। फटाखा फोड़े गए, मिठाई बांटी गई। वरिष्ठ नेताओं कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिला कर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री दीपक सोनी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां कार्यकर्ता को शीर्ष दायित्व मिलता है। संगठन सर्वोपरि के सिद्धांत के साथ दायित्व बदल जाता है लेकिन राष्ट्र को विकास के पथ पर ले जाने तथा राजनीति को समाजसेवा का माध्यम बना कर जनसेवा ही एकमात्र लक्ष्य होता है। श्री खंडेलवाल कुशल संगठक, जनसेवक के रूप में संगठन का नेतृत्व करेंगे यह हम सभी के लिए हर्ष तथा गौरव का क्षण है। श्री टण्डन ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद तथा नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री खंडेलवाल को कटनी जिले के समस्त कार्यकताओं की ओर से बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, वरिष्ठ नेता भंवर सिंह, लक्ष्मण वीरवानी, कैलाश जैन, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, अंकिता तिवारी, जिला मंत्री रामू साहू, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, संजू गर्ग, रजत जैन, श्रीराम पटेल, अभिलाष राय, अरुण पटेल, मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, सीमा जैन, नवाब खान, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, अभिषेक ताम्रकार, पार्षद शिब्बू साहू, गोविंद चावला, डब्बू रजक, कौशल दुबे, दीपक तिवारी, भाजयुमो महामंत्री अक्षय श्रीवास्तव, नवीन मोटवानी, शांतनु दत्ता, रौनक खंडेलवाल, प्रदीप उपाध्याय, अजय निषाद, दीपक गुमास्ता, हीरामणि बरसैया, ज्योत्सना सोनी, विवेक गुप्ता, अरशिव सेन, बालकिशन नामदेव, घनश्याम रजक आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एकमुश्त राशन वितरण की अवधि 10 जुलाई तक बढ़ाई गई

**कटनी ।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त के राशन का वितरण एकमुश्त किया जा रहा है। शासन द्वारा एकमुश ?त राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है। साथ ही निर्धारित अवधि में आवंटन अनुसार दुकान पर सामग्री का प्रदाय एवं सभी पात्र परिवारों को राशन का वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं। इसके उपरांत वितरण की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकेगी। ज्ञात हो कि वर्षा काल के दौरान राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सभी पात्र परिवारों को माह जून से लेकर अगस्त माह तक का राशन का एकमुश्त वितरण करने के निर्देश दिए गये थे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि हितग्राहियों को पीओएस मशीन पर तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद तीन माह का एकमुश्त राशन प्राप्त होगा। साथ ही उन ?होंने सभी हितग्राहियों से परिवार के शेष सदस्यों की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लेने का आग्रह किया है। इसके अलावा हितग्राहियों से एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर प्राप्त सूचना से वितरित राशन सामग्री का मिलान करने एवं राशन सामग्री प्राप्त करते समय पीओएस मशीन से जारी पावती प्राप्त करने की सलाह भी दी गई है।



जिले के 1492 विद्यार्थी होंगे लाभांवित.....

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** सिवनी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे ।स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनी विद्यालय छपारा में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम जिले के 1492 विद्यार्थी लाभांवित होंगे।

मुहर्रम जुलूस एवं जगन्नाथ यात्रा वापसी जुलूस मार्ग की व्यवस्था रहें चाक -चौबंद

# नगर की सफाई व्यवस्था से नहीं किया जायेगा किसी भी तरह का समझौता: उपायुक्त

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य में उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करें। नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उक्त हिदायत गुरुवार को निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर आयोजित समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता नें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों - कर्मचारियों को दी।**

बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, एम.एस.डब्लयू प्रबंधन शांतनु सिंह, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह, उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अरजरिया सहित समस्त वार्डों के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा की उपस्थिति रही। उपायुक्त श्री गुप्ता नें बैठक के दौरान



नाराजगी जाहिर करते हुए एम.एस.डब्लयू के प्रबंधक को नियमित तौर पर निर्धारित समय से कचरे का उठाव करानें हेतु सुपरवाइजर को निर्देशित करने की हिदायत दी गई। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी को सार्वजनिक स्थलों , सेल्फी प्वाइंट एवं खाली प्लाटों पर कचरा फेकनें पर चालानी कार्यवही करनें, नियमित तौर पर वार्डो में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करानें, सागर पुलिया के दौनों ओर झाडियों की कटाई करानें तथा नाला सफाई उपरांत निकले कचरे का शीघ्र उठाव कार्य किये जानें के निर्देश दिए। नगर के प्रमुख नालों की सफाई की जानकारी चाहे जानें पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी प्रमुख नालों की सफाई का कार्य करा दिया गया है।

**व्यवस्थित करें डिवाइडर के पौधे**-नगर के मुख्य मार्गो बरगवां एवं नदी पार स्थित डिवाइडर में लगे पौधों की कटिंग कराई जाकर डिवाइडर के अंदर एवं बाहर पर्याप्त सफाई कराने के निर्देश उद्यान पर्यवेक्षक श्री अरजरिया देते हुए उपायुक्त श्री गुप्ता नें डिवाइडरों को रोजाना साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु क्षेत्रीय दरोगा को निर्देशित किया।

**पर्वो पर चाक-चौबंद रखें सफाई वयवस्था-** उपायुक्त श्री गुप्ता नें नगर में आयोजित होनें वाले मुहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कर्बला शरीफ व जुलूस मार्ग सहित भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा वापसी के दौरान जुलूस रूट मार्ग में पर्याप्त साफ-सफाई करानें, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव आदि की व्यवस्था को चाक - चैबंद रखनें के साथ ही मार्ग के आवारा मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

# छात्रा ने सीएम यादव से कहा सेक्शुअल हरासमेंट पर बहस हो



## सरकार सिर्फ विकसित भारत या आपातकाल जैसे मुद्दे चुनती है; दोषियों को सजा नहीं मिल रही

भोपाल। भोपाल में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में एक छात्रा ने सीएम डॉ. मोहन यादव से कहा- सरकार विकसित भारत या आपातकाल जैसे मुद्दे चुनती है, लेकिन सेक्शुअल हरासमेंट जैसे जरूरी मुद्दों पर कभी चर्चा नहीं होती। बहुत सारी बातें दबाई जाती हैं। सेक्शुअल हरासमेंट जैसे मामलों में लोगों को सजा भी नहीं मिल रही। इस पर भी मॉक पार्लियामेंट में डिबेट होनी चाहिए। छात्रा छाया बिलगैंया ने गुरुवार को बीजेपी महिला मोर्चा की ओर से आयोजित मॉक पार्लियामेंट में विपक्ष की भूमिका में रहते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, भोपाल में ही एक घटना में हमारी पुलिस ने बहुत तेजी से काम किया और आरोपी को फांसी की सजा दिलवाई। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जिसने ऐसे मामलों में फांसी का प्रावधान किया। हमारी सरकार ऐसे अपराधियों को किसी हाल में नहीं बख्शेगी। इस बीच सीएम ने पूछा- कौन सा जिला जहां रढ और कलेक्टर दोनों महिलाएं हैं? छात्राओं ने जवाब में नरसिंहपुर बताया। सीएम ने उनके जवाब को सही बताते हुए कहा- शहडोल संभाग में तो संभागायुक्त भी महिला हैं। सीएम ने कहा, हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा सम्मान मिला है। हमारी सरकार भी इसी भावना से काम कर रही है। हमने महिलाओं को प्रशासन के बड़े-बड़े पदों पर नियुक्त किया है। महिला मोर्चा के मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव के अलावा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारती पवार, मंत्री कृष्णा गौर, मेयर मालती राय, भिंड सांसद संध्या राय, पीपुल्स ग्रुप के डायरेक्टर मयंक विश्नोई मौजूद थे।

**कांग्रेस ऐसी गरीब पार्टी जिसे कोई भारतीय नाम नहीं मिला :** सीएम ने भाजपा द्वारा महिलाओं को दिए गए सम्मान का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। सीएम ने कहा- आप कभी कल्पना करते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने कांग्रेस नाम क्यों रखा? ये ऐसी गरीब पार्टी जिसको कोई भारतीय नाम ही नहीं मिला। आपके भाई बहन पैदा होते तो आप क्या अमेरिका, इंग्लैंड के बच्चों की तरह नाम रखते हो क्या? उनके नाम रख रहे हो तो वहां जाकर चुनाव लड़ो। वहां जाकर काम करो।

# एमपी में एक अक्टूबर से महंगा होगा टाइगर रिजर्व पर्यटन

## दस प्रतिशत बढ़ जाएगी एंट्री फीस, विदेशियों को चुकानी होगी दोगुनी राशि



भोपाल। एमपी में नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना एक अक्टूबर से महंगा हो जाएगा। सरकार ने मौजूदा प्रवेश टिकट फीस में दस फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। विदेशी पर्यटकों को भारतीय पर्यटकों की बजाय दोगुनी टिकट फीस देनी होगी। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों एवं बाघ अभयारण्यों में भ्रमण के लिए प्रवेश टिकट की बुकिंग एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होती है। प्रदेश के ज्यादातर टाइगर रिजर्व में सोमवार से शुक्रवार तक छह लोगों के प्रवेश पर 2400 रुपए और शनिवार-रविवार को 3000 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जाता है। एक अक्टूबर से इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। इसके बाद पर्यटकों को क्रमशः 240 और 300 रुपए अधिक चुकाने पड़ेंगे। इसमें जिप्सी का किराया शामिल नहीं है। जिप्सी के लिए पर्यटकों को अलग-अलग पार्क में 2000 से 3500 रुपए तक अतिरिक्त देने पड़ते हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों को दो गुना शुल्क चुकाना पड़ता है।

### टिकट के दाम बढ़ाने ऐसे हुआ था फैसला

प्रदेश सरकार ने 22 अक्टूबर 2024 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें मैहर जिले के मुकुंदपुर वाइट टाइगर सफारी, भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और इंदौर के रालामंडल अभयारण्य के प्रवेश शुल्क में 5 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। इसी अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया था कि प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों (नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व) के प्रवेश शुल्क में हर तीन साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह नीति 2025-26 से प्रभावी हो रही है। इसलिए एक अक्टूबर से सभी नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना महंगा हो जाएगा।

### तीन माह बंद रहेंगे पार्क

मानसून के कारण प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों में तीन माह (जुलाई से सितंबर) पर्यटन बंद रहेगी। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह ब्रीडिंग सीजन है और दूसरा बारिश के कारण नदी-नालों में काफी पानी रहता है। बारिश के कारण जंगल के रास्ते भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में पर्यटन कराना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी पार्क बंद कर दिए जाते हैं। यानी 1 अक्टूबर को इन पार्कों में फिर से पर्यटन शुरू होगा।

### बांधवगढ़ में आने वाले विदेशी पर्यटक

विदेशी पर्यटक मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व को काफी पसंद कर रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अकेले बांधवगढ़ की बात करें, तो पिछले 5 वर्ष में भारतीय पर्यटकों की संख्या 7 लाख 38 हजार 637 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 85 हजार 742 रही।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए 2.70 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

## आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित

भोपाल। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हजार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हजार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हजार 601 सहायिका के पद और 8 हजार 515 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हजार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हजार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हजार 656 आवेदन आए है।

भोपाल में कुल 28 हजार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हजार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हजार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 23 हजार 831 आवेदन सहायिका के और 4 हजार 688 आवेदन कार्यकर्ता के लिए प्राप्त हुए है। ग्वालियर संभाग के 28 हजार 413 आवेदनों में सहायिका के 22 हजार 73 और कार्यकताओं के 6 हजार 340 आवेदन प्राप्त हुए है।

उज्जैन संभाग से कुल 24 हजार 159 आवेदनों में से सहायिका के 18 हजार 711 और कार्यकर्ता के 5 हजार 448, चम्बल संभाग के कुल 14 हजार 829 आवेदनों में 12 हजार 343 सहायिका के और 2 हजार 486 आवेदन कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। इसके अतिरिक्त शहडोल संभाग से कुल 10 हजार 406 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 7 हजार 291 सहायिका और 3 हजार 115 कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। नर्मदापुरम से सहायिका के पद के लिए 7,001 और कार्यकर्ता के लिए 3088 कुल 10 हजार 89 आवेदन प्राप्त हुए है।

# छिंदवाड़ा में पेट्रोल पंपों पर जांच शुरू

## गुजरात गैसोलीन की नोजल सही निकली; सीएम काफिले में मिलावटी डीजल मिलने के बाद एक्शन



छिंदवाड़ा। रतलाम में मुख्यमंत्री के काफिले में मिलावटी डीजल भरने की घटना के बाद प्रदेशव्यापी जांच अभियान के तहत छिंदवाड़ा में भी पेट्रोल पंपों की जांच शुरू कर दी गई है। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर बुधवार देर शाम से खाद्य आपूर्ति विभाग और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने जांच अभियान की शुरूआत की। पहले चरण में परासिया रोड स्थित गुजरात गैसोलीन पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। नापतोल निरीक्षक शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने पंप की नोजल से ईंधन प्रदायगी (डिलीवरी) की बारीकी से जांच की। साथ ही पंप के सभी आवश्यक दस्तावेजों और वैध प्रमाण पत्रों की भी जांच की गई। निरीक्षण में सभी मानक नियमानुसार पाए गए। यह जांच अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले में चलाया जाएगा। आने वाले दिनों में छिंदवाड़ा के सभी पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जाएगा।

**सीएम के काफिले की कार में डाला था मिलावटी डीजल :** गौरतलब है कि, हाल ही में रतलाम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले की गाड़ियों में मिलावटी डीजल भरने से वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए थे। इस गंभीर घटना के बाद शासन ने प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों की जांच के निर्देश जारी किए हैं।

# छिंदवाड़ा में अवैध पिस्टल के साथ उपसरपंच गिरफ्तार

## तीन जिंदा कारतूस भी जब्त; ओम आदित्य धाम रेसिडेंसी रोड पर घूम रहा था

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा कोतवाली पुलिस ने इमलीखेड़ा चौक के पास से एक उपसरपंच को अवैध देसी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिसापुर खुर्द के उपसरपंच हरिश चंद्र फरकारे (31) के रूप में हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को 1 जुलाई को सूचना मिली कि ओम आदित्य धाम रेसिडेंसी रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति कमर में पिस्टल छिपाकर घूम रहा है।

### आरोपी बिसापुर खुर्द गांव का उपसरपंच

सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की कमर से एक चालू हालत की देसी पिस्टल और जेब से तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मोहखेड़ थाना क्षेत्र के बिसापुर खुर्द गांव का उपसरपंच है।

### आर्म्स एक्ट में केस दर्ज

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाने के निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, ब्रिजेश सिंह रघुवंशी समेत अन्य पुलिसकर्मियों और साइबर सेल की टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# बैतूल-इंदौर हाईवे पर बाइक डिवाइडर से टकराई:मजदूरी कर लौट रहे युवक की मौत



बैतूल। बैतूल-इंदौर हाईवे पर देवगांव के पास बुधवार देर रात एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों मजदूरी से लौट रहे थे। घायल को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मृतक की पहचान हरिराम लक्ष्मण धुर्वे (20) के रुप में हुई है, जो झल्लार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह अपने दोस्त दिनेश के साथ हरदा से मजदूरी कर लौट रहा था। देवगांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश दूर जा गिरा और घायल हो गया। हादसे के बाद दिनेश ने हरिराम के पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी और एम्बुलेंस बुलवाई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने हरिराम को मृत घोषित कर दिया। दिनेश को प्राथमिक उपचार के बाद आज छुट्टी दे दी गई। परिजनों के मुताबिक, हरिराम दो भाइयों में छोटा था और मजदूरी कर परिवार का सहारा बनता था।

# स्मार्ट मीटर लगवाएं और 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए साल भर चलाएं मेंटीनेंस गतिविधियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी जरूरत है। सबको जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिये। बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटीनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नये उपकरण क्रय किये जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर/लाईन लॉसेस कम से कम करें और ऊर्जा की बचत के सभी तरीकों पर गंभीरता से अमल करें।

### विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरूरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।



बिजली कंपनियों को दो वर्ष में लाएं लाभ की स्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले दो साल में तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लाभ की ?स्थिति में आ जाएं इसके लिए विद्युत कंपनियां अपनी आय के साधन बढ़ाने के प्रयास करें। नई तकनीक इस्तेमाल करें, नवाचार करें, ताकि कंपनी के साथ-साथ उपभोक्ताओं को फायदा मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2025-26 के लिये पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरू करें। बैठक में बताया गया कि रबी सीजन में लगभग 20200 मेगावॉट विद्युत मांग संभावित है। गत वर्ष यह मांग 18 हजार 913 मेगावॉट थी।

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल की बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनकी मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। यह स्कीम छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्तओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनियों के नये सेटअप के संबंध में भी चर्चा की। श्री तोमर ने मुख्यमंत्री द्वारा ऊर्जा विभाग के विभिन्न प्रस्तावों की स्वीकृति पर उनका आभार व्यक्त किया।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मंडलोई ने बताया कि दूसरे राज्यों की तुलना में ऊर्जा के प्रमुख सूचकांकों में (संग्रहण दक्षता में) मध्यप्रदेश देश में पहले नम्बर पर है। प्रदेश में 97.92 प्रतिशत संग्रहण क्षमता हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष के साथ-साथ अगले तीन वर्षों के लिए अपने लक्ष्य तय कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 तक ऊर्जा विभाग बिजली दर टैरिफ में कमी लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान विभाग बिल दक्षता 90 प्रतिशत, संग्रहण दक्षता 99 प्रतिशत और एटी एण्ड सी हानि को 14 प्रतिशत तक कम कर लेने के लक्ष्य के लिए प्रयासरत है।

### पीएम जन-मन में शत प्रतिशत परिवारों को विद्युतिकृत करने का लक्ष्य

बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 29 हजार 290 परिवारों के घरों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर देने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों के घरों को विद्युतीकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 55 हजार 795 परिवारों के घरों को भी शतप्रतिशत विद्युतिकृत करने की विभाग की योजना है। यह लक्ष्य इसी वित्त वर्ष में प्राप्त लिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा पुलिस संरचना स्थापित की जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के छह महानगरों में एक-एक (कुल छह) विशेष विद्युत पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। आगामी वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में यह पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे।

# अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल गार्डो व ठेकेदार की कार्यशैली पर भी संदेह



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** बीते दिनो जिला अस्पताल में सरेआम छात्रा की हत्या के बाद जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासन व्यवस्था पर लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है। वही घटना के दौरान मौजूद लोगों व स्टाफ पर भी टिप्पणी की जा रही है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिन लोगों द्वारा वीडियों बनाया गया उनकी मानसिकता पर भी लोगों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है। वही उक्त घटना की पूरे प्रदेश मे चर्चा की जा रही है वही विभिन्न संगठनों द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही जा रही है।

## सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जिला अस्पताल मे हुई छात्रा की हत्या के बाद अस्पताल प्रबंधन एवं जिला चिकित्सालय मे पदस्थ गार्डो पर भी लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है। ज्ञात हो कि लोगों की सुरक्षा के लिए जिला चिकित्सालय मे ठेकेदार के माध्यम से गार्डो की तैनाती की गई। जिससे जिला चिकित्सालय मे सुरक्षा व्यवस्था कायम रहे सके। लेकिन सुरक्षा गार्डो की तैनाती होने के बाद भी अस्पताल मे उक्त घटना का होना कई सवालों को जन्म दे रहा वही ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर भी संदेह उत्पन्न होता है। बताया गया कि घटना के दौरान मौके पर ना तो गार्ड मौजूद थे और ना ही पुलिस कर्मी मौके पर थे।

## जिले मे बढ़ रहे अपराध

जिले मे पुलिस प्रशासन व्यवस्था को लेकर लोगों द्वारा टिप्पणी की जा रही हैं। वही आएदिन जिले मे अपराध बढ़ रहे है जिससे लोग चिंतित भी है। जिले मे बढ़त अपराध समाज के लिए खतरा बनते जा रहे है वही जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील जगह में बिना किसी रोक टोक के आरोपी द्वारा आकर छात्रा पर प्रहार कर दिया। घटना के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा आरोपी को रोका भी नही गया और ना ही कोशिश की गई। वही लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि अपराधियों मे पुलिस का जरा भी खौफ नही है और ना ही उन्हे किसी प्रकार का कोई डर है।

## ब्राह्मण महिला एकता परिषद ने रखे विचार, बताया निंदनीय घटना



राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक स्थापनीय जगतारिणी मंदिर मे आयोजित की गई। बैठक दौरान परिषद के सदस्यों द्वारा जिला अस्पताल मे हुई छात्रा की हत्या को लेकर अपराधियों के हौसले बुलंद होने पर अपने विचार रखे गए। ज्ञात हो कि जिले मे अपराधियों हौसले बुलंद है जो दिनदहाड़े अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर छात्रा की हत्या कर दी गई। अस्पताल परिसर में दिन दहाड़े एक बालिका की हत्या पर जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की मर चुकी संवेदनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाया। जगत तारणी मंदिर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि लोगों की संवेदनाएं मर चुकी हैं, वहां उपस्थित जनता चाहती तो इस घटना को टाला जा सकता था इस तरह की घटनाओं के तह में जाने की ज्यादा जरूरत है कि यह क्यों हो रहा है ऐसी घटनाएं सवालिया निशान खड़े करती हैं परवरिश पर, भटकती युवा पीढ़ी पर। आखिर कहां जाकर सब सही होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनंदा भट्ट ने कहा की ऐसी घटनाओं के बारे में आमजन का रवैया भी सही नहीं है, वहां उपस्थित जनता यदि त्वरित प्रतिक्रिया के तहत उस लड़के को पकड़ लेते तो शायद यह घटना ना होती। जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने रोष प्रकट किया, साथ ही जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े किए । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी ने कहा अस्पताल परिसर में उस वक्त हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे लड़का गेट से चाकू लेकर निकला लोगों ने देखा और उसको नजर अंदाज कर दिया हर वार्ड में घूमता लड़का वहां के वार्ड बॉय एवं डॉक्टर की नजरों में भी आया लेकिन उन लोगों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया, इस तरह की घटनाएं आए दिन शहर में हो रही हैं किंतु इस हत्याकांड ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सचिव नंदिता चैबे ने कहा कि लोग आगे आकर इस घटना पर विरोध या रोष प्रकट करने के बजाय इस बात की मंत्रणा कर रहे हैं की लड़की सही या गलत अब बात सही या गलत कि नहीं अपितु बच्चों की ,आम लोगों की सुरक्षा की बात है।



## लीनेस क्लब द्वारा किया गया चिकित्सकों को सम्मान

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में लाइन्स क्लब द्वारा हम क्लब अध्यक्ष दिनेश ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में डॉक्टर्स डे मनाया गया एवं शहर के प्रमुख डॉक्टर्स जिनमें प्रमुख रूप से डॉक्टर संजीव चांदोरकर, डॉक्टर के के साहू, डॉ आलोक काशिव, डॉक्टर जी सी दुबे, डॉ आशीष उपाध्याय एवं डॉक्टर कार्तिक साहू का सम्मान पुष्पमाला मोमेंटो एवं शॉल से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को मंचासीन करने के उपरांत मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत डॉक्टर शंकर सहर्ष के द्वारा किया गया। सभी डॉक्टर ने अपने उद्बोधन में प्रमुख रूप से एक ही बात एक मत होकर रखी की आज की लाइफस्टाइल बीमारी की ओर ले जाने वाली है लोग यदि सजगता से अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज एवं उचित खानपान को प्रमुखता दें तो अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। क्योंकि दिनचर्या अव्यवस्थित होने पर बीमारी बढ़ने के चांसेस 80ः तक हो जाते हैं। अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर्स को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। बी ओ डी मेंबर लीनेस संध्या कोठारी ने द्वारा डॉक्टर के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के किए जाने के लिए बहुत साधुवाद दिया गया। डॉक्टर स्वाति चंदोकर ने विशेष उपस्थिति देकर क्लब के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन लीनेस रचना त्रिवेदी एवं लीनेस नंदिता चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लीनेस ज्योति पचैरी, भूतपूर्व अध्यक्ष लीनेस सुषमा तिवारी, लीनेस सुमन शर्मा, लीनेस कुसुम राजपूत ,लीनेस बलजीत कौर ,लीनेस ममता गुप्ता,लीनेस नीता शर्मा, लीनेस वत्सला त्रिवेदी, लीनेस सुषमा मिश्रा, लीनेस मनीषा टंडन, लीनेस अंजना दुबे, लीनेस दुर्गा राय की उपस्थिति रही। नीता शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया।

## मेन रोड पर ट्रक का डीजल खत्मःनरसिंहपुर में एक घंटे तक लगा जाम, तीन प्रमुख चौराहों पर वाहनों की कतार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में मंगलवार दोपहर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। मेन रोड पर एक मालवाहक ट्रक का डीजल खत्म होने से वह सड़क के बीच में रुक गया। इससे सिंहपुर चौराहा, सुभाष चौक और मुशरान चौक पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। दोपहर 2:40 बजे छिंदवाड़ा जा रहा ट्रक (एमपी 04 वायजे 4583) सिंहपुर चौराहे के पास अचानक रुक गया। ट्रक में डीजल खत्म होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाइक और कार चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 3:30 बजे ट्रक में डीजल भरा गया और उसे हटाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे जाम खुलना शुरू हुआ। मेन रोड पर अस्थाई दुकानों और फुटपाथ पर रखे सामान ने समस्या को और बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक विभाग और प्रशासन की लापरवाही से ऐसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। दिन में यातायात के पीक आवर में न तो मार्गों को एकतरफा किया जाता है और न ही जाम से निपटने की कोई स्थायी व्यवस्था है। टॉकीज रोड और सुभाष चौक पर केवल शाम 7 से रात 9 बजे तक बैरिकेड लगाए जाते हैं। यातायात व्यवस्था के लिए दो प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। महिला टीआई को शहर से दूर तैनात किया गया है। निरीक्षक संधीर चौधरी के नेतृत्व में भी यातायात की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

## प्राचार्य को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई





**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी कला की प्राचार्य श्रीमती मुमताज खान अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य विदाभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, पालक, शिक्षक और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में श्रीमती मुमताज खान ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित सभी लोगों को कठिन परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, हमें अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर श्रेष्ठ कार्य करते रहना चाहिए, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। उनके ये शब्द छात्रों, पालकों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्राचार्य सुशील शर्मा ने श्रीमती मुमताज खान मैडम के साथ अपने शिक्षकीय जीवन की यादें ताजा कीं। उन्होंने मुमताज खान को एक कर्मठ और संघर्षशील महिला निरूपित करते हुए उनके योगदानों की सराहना की। विभिन्न वक्ताओं ने भी मैडम के शासकीय सेवा के दौरान किए गए विभिन्न श्रेष्ठतम कार्यों का उल्लेख किया और सभी को उनके समर्पण से अवगत कराया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सुशील कुमार शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह पटेल, मंडल उपाध्यक्ष मूरत सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, विनोद गुप्ता अनूप कुमार शर्मा, योगेंद्र झारिया, जनशिक्षक सुरेंद्र सिंह राजपूत, अवधेश सिंह पटेल, बनवारी लाल नागवंशी, अफसार खान सहित शिक्षक पुरुषोत्तम मेहरा, प्रसन्न कुमार दुबे, बंसीलाल अहिरवार, हल्के वीर पटेल, दीपिका पटेल, शबनम निशा आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश वैभव सक्सेना के न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपी परषोत्तम चैधरी उम्र 32 वर्ष आत्मज ओमकार चैधरी निवासी लाठगांव (पिपरिया) थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस थाना गोटेगांव में ग्राम लाठगांव का ग्राम कोटवार द्वारा उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी कि सुबह करीब 09:30 बजे बस स्टेण्ड लाठगांव पर गांव के ओमकार चैधरी ने बताया कि करीब 9 बजे दिन में उसका लड़का परषोत्तम चैधरी ने बहू सावित्री को जान से मारकर भाग गया है बहु सावित्री मृत अवस्था में अपने घर के दहलान में पड़ी है। उसके बाद वह ओमकार व राजा चैधरी के साथ घर आकर देखे तो परषोत्तम चैधरी के घर की आंगन की दहलान में खून के धब्बे पड़े थे, मृतिका सावित्री का शव मृत अवस्था में दहलान में पड़ा था। मृतिका सावित्री की लड़की रचना ने बताई कि मम्मी पापा की लड़ाई हो गई थी, पापा ने सब्बल से मम्मी को पेट सिर में मारा जिससे उसकी मम्मी जमीन पर गिर गई, फिर पापा ने मम्मी के सिर, माथे, चेहरे में कई बार सब्बल मारे तो उसकी मम्मी को चोट लगकर खून निकलने लगा था तो वह रोते हुये घर से चली गई थी। मृतिका सावित्री चैधरी को उसके पति परषोत्तम ने सब्बल से सिर माथा, चेहरा पर मारा जिससे गंभीर चोटें आकर खून निकला, जिससे सावित्री की मृत्यु हो गई है। सूचनाकर्ता की उक्त सूचना पर थाना गोटेगांव में मर्ग एवं देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया गवाहों के समक्ष घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया एवं आरोपी के मेमोरेण्डम कथन लिए जिसमें उसने बताया कि मुझे अपनी पत्नि सावित्री पर पहले से चरित्र पर शक था, इसके पहले भी कहीं चली गई थी, रात में घर आई थी इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ जिससे मैंने पत्नि सावित्री को लोहे की सब्बल से पेट व सिर में मारा तो वह गिर गई फिर मैंने सब्बल से पत्नि सावित्री के चेहरा और सिर में कई बार मारा जिससे सावित्री मर गई। मामले की समस्त आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही की जाकर विवेचना के दौरान थाना गोटेगांव में असल अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन नरसिंहपुर रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी परषोत्तम चैधरी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।



# खेल-व्यापार

## भारत यू-19 ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

### सीरीज में 2-1 की बढ़त; वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में 86 रन बनाए



नॉर्थम्प्टन । इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन में खेले गए तीसरे यूथ वन-डे इंटरनेशनल में भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम को 4 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम की 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हो गई है। इस मैच में जीत के हीरो 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 31 गेंदों पर 86 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बारिश की वजह से मैच 40-40 ओवर का खेला गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए। वहीं, 269 के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की। अच्छी शुरूआत के बाद भी इंग्लैंड बड़ा स्कोर नहीं कर पाया इंग्लैंड के ओपनर्स ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। इंग्लैंड का पहला विकेट 78 रन पर गिरा, लेकिन बीच में 4 विकेट 35 रन पर गंवाए। इंग्लैंड के लिए थॉमस रियू ने शानदार नाबाद 76 रन (44 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि बेन डॉकिन्स ने 62 और इसहाक मोहम्मद ने 41 रनों की पारी खेली। वहीं, रियू और राल्फी अल्बर्ट (21) ने 60 रनों की साझेदारी कर स्कोर को 268 तक पहुंचाया। कनिष्क चौहान ने 3 विकेट लिए : भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, नमन पुष्पक, विहान मल्होत्रा और दीपेश देवेंद्रन को 1-1 विकेट मिला। **भारत की तेज शुरूआत** : 269 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरूआत दी। उन्होंने मॉर्गन के एक ओवर में लगातार दो छक्के जड़ कर भारत का स्कोर 4.4 ओवर में 50 रन तक पहुंचाया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और 31 गेंदों में 86 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 9 छक्के जड़े।

भारत ने 40 ओवर के इस मैच में इंग्लैंड के 268/6 के जवाब में 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की।

## विंबलडन 2025 में अल्काराज का विजयी अभियान जारी

नई दिल्ली। विंबलडन 2025 के तीसरे दिन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटिश एमेच्योर खिलाड़ी ऑलिवर टारवेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज ने वर्ल्ड रैंकिंग 733वें नंबर के टारवेट को सिर्फ दो घंटे 17 मिनट में हरा दिया। अल्काराज ने लगातार 20 मैच जीते हैं, जिसमें रोम मास्टर्स, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब के खिताब शामिल हैं। अल्काराज का टारगेट लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतना है। ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ओपन एरा में लगातार तीन विंबलडन खिताब जीत चुके हैं। रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 8 बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया है। उसके बाद 7-7 विंबलडन खिताब जीतने का कारनामा पीट सम्प्रास और नोवाक जोकोविच कर चुके हैं।

## HDFC के उएड शशिधर जगदीशन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

### लीलावती ट्रस्ट ने वित्तीय धोखाधड़ी का केस किया था, 8 जुलाई को होगी सुनवाई




नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC के मैनेजिंग डायरेक्टर और उएड शशिधर जगदीशन ने लीलावती ट्रस्ट के FIR को खारिज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। लीलावती कितीर्लाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट ने जगदीशन के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए 30 मई को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद त्रक्कक्र दर्ज कराई थी। **ट्रस्ट के मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लेने का आरोप** : ट्रस्ट ने आरोप लगाया था कि जगदीशन ने उनके एक पूर्व मेंबर से 2.05 करोड़ रुपए लिए, जिसका मकसद ट्रस्ट के एक मौजूदा मेंबर के पिता को परेशान करना था। हालांकि, ल्ठञ्जक्च ने इन आरोपों को "बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण" बताया था। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन जजों ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था, जिसके कारण केस में देरी हो रही थी। शशिधर के वकील मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस वजह से मामला अटक गया है। सुप्रीम कोर्ट के जज टट सुंद्रेश और ड विनोद चंद्रन ने इस मामले को शुक्रवार, 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट करने का फैसला किया है। लाइव लॉ ने इस बात की जानकारी दी है। लीलावती ट्रस्ट ने जगदीशन और सात अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई के बांद्रा थाने में FIR दर्ज कराई है। ये FIR 30 मई 2025 को मुंबई मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई है। ट्रस्ट का कहना है कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं।

### व्यवस्था सुधारने के बजाय चालान में जुटा अमला, भीड़ में कराहते लोगों की सुनवाई नहीं

# ट्रैफिक जाम से जूझ रहा पूरा जबलपुर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है। मुख्य मार्गों पर जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर कार्यालयीन समय और स्कूल-कॉलेज के समय पर हालात और भी बदतर हो जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि इन अराजक हालातों को सुधारने की दिशा में पुलिसिया और प्रशासनिक स्तर पर प्रयास होते नजर नहीं आ रहे, बल्कि पुलिस बल चालान काटने और जुमार्ना वसूलने में ही व्यस्त दिखाई देता है। जबलपुर में दिन ब दिन बढ़ता ट्रैफिक जाम आम आदमी की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। यदि पुलिस और प्रशासन समय रहते समाधान के लिए गंभीर कदम नहीं उठाते, तो यह समस्या भविष्य में और विकराल रूप धारण कर लेगी, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## प्रशासन की चुप्पी और आमजन की नाराजगी

इस पूरी स्थिति पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान या कार्ययोजना सामने नहीं आई है। लोगों ने सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं। नागरिकों का कहना है कि पुलिस को कानून पालन कराने के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।









## जरूरत है सुधारात्मक कदमों की

विशेषज्ञों का मानना है कि जबलपुर जैसे शहर में ट्रैफिक लोड को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट सिग्नलिंग, ट्रैफिक वालंटियर्स, एकतरफा मार्गों का निर्माण और उचित पार्किंग की व्यवस्था आवश्यक है। यदि प्रशासन चालान की बजाय सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करे, तो लोगों की समस्याएं काफी हद तक हल हो सकती हैं।




## लोग परेशान, ट्रैफिक संभालने वाला कोई नहीं

जबलपुर के मुख्य चौराहों, जैसे रानीताल, तीनपत्ती, दमोह नाका, गोरखपुर, मदनमहल और सिविक सेंटर इलाके में घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो एम्बुलेंस और स्कूली बच्चों की बसें भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे हालात और गंभीर हो जाते हैं। लेकिन इन जाम की वजहों को सुलझाने के लिए कोई ट्रैफिक कंट्रोल प्लान, अतिरिक्त स्टाफ या वैकल्पिक मार्ग की योजना नहीं बनाई जा रही।

## चालान काटना बनी प्राथमिकता

वर्तमान हालातों में पुलिस का पूरा ध्यान चालान काटने और राजस्व वसूली पर केंद्रित है। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग या कागजों में कमी पर भारी जुमार्ने लगाए जा रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक फ्लो बनाए रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। इससे आम जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन पहले जाम की समस्या हल करे, तो नियमों का पालन करना भी आसान हो जाएगा।

# अंजुमन की अनंत गाथा: किताबों के बीच मोबाइल, पढ़ाई के बीच तमाचे, और एक गुप्त इदारे में ब्याजखोरी की बयार



दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। यह रिपोर्ट अंजुमन इंग्लिश मीडियम स्कूल से शुरू होती है, लेकिन इसकी परछाइयाँ मोमिन ईदगाह, ब्याज के खेल और सत्ता की सड़ांध तक फैली हैं। स्कूल है, शिक्षक हैं, बच्चे हैं .... और फिर है एक ऐसा सिस्टम, जो बच्चों की किताबों से ज्यादा मोबाइल की स्क्रीन को तरजीह देता है।

## क्लासरूम में स्मार्टफोन की स्वामी

एक शिक्षिका हैं क्लास 2 की... नाम छोड़ दीजिए, पर आदतें ऐसी कि कैमरे के सामने भी मोबाइल से नजर हटती नहीं। क्लासरूम में किताबें बच्चों की तरफ इस तरह फेंकती हैं जैसे किसान भूसा फेंकता हो। और अगर बच्चा कुछ पूछ ले, तो जवाब में चांटा। किसे नहीं पता अंजुमन की इस "मोबाइल मैडम" को? लेकिन क्या आपने कभी किसी कमेटी सदस्य को इसका विरोध करते देखा है? नहीं। क्योंकि जब शिक्षक ही स्वेच्छाचार में मग्न हो जाएं, और अध्यक्ष मौनव्रत धारण कर लें, तो संस्थान पंडाल बन जाता है और शिक्षा तमाशा। हालांकि हम जानते है अध्यक्ष अच्छे इंसान है.. पर अच्छे इंसान को बुराई का विरोध करना चाहिए।

## गुप्त योग्यता और गुमनाम ज्ञान

अब दूसरी मैडम की बात करते हैं। बड़ी "काबिल" मानी जाती हैं। डिग्रियों का संग्रहालय हैं। पीली धातु धारी... पर पढ़ाना? बच्चों को छोड़िए, ब्लैकबोर्ड भी उनके सामने शर्मिंदा होता होगा। उनकी शिक्षा किसी रहस्यमयी गुफा में बंद पीली धातु जैसी है....देखने वाले को दिखती नहीं, पर दावा है कि अनमोल है।

## पति आएँगे, बहस होगी, माहौल गरम होगा

तीसरी मैडम हैं, जो थोड़ी भी बहस हो जाए तो पति को स्कूल बुला लेती हैं। पति साहब जब आते हैं तो लगता है स्कूल नहीं, कोर्टरूम है। प्रधानाचार्य साहब नहीं, बचाव पक्ष के वकील जैसे दिखते हैं। शिक्षा और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने के लिए स्कूलों की जरूरत होती है, पर अंजुमन में लगता है जैसे सबने ह्लगुटबाजी विज्ञानह्व में ढँऊकर रखी है। एक है प्राइमरी स्कूल मास्टरनी...हिंदी आती नहीं...क्लास पढ़ाते बनती नहीं...पर गुटबाजी की किंग है मैडम बच्चों को पढ़ाओ...राजनीति करना हे तो भाजपा,कांग्रेस ज्वाइन कर लो...या कामरेड बन जाओ...अपने पीछे तीन तीन टीचर का कैरियर खराब मत करो

## कचरा साफ हो तो उजाला हो

अध्यक्ष अन्नू अनवर कहते हैं झ ह्लस्कूल में सुधार लाएँगे।ह्व लेकिन सवाल यह है कि सुधार का मतलब सिर्फ. बयानबाजी है या वाकई मोबाइल चलाती मैडम, गुमनाम डिग्रीधारी और कोर्टबुलाने वाली शिक्षिका पर कोई कार्रवाई होगी? अब थोड़ी बात मोमिन ईदगाह की...और एक और इदारे की गाजी मस्जिद नई बस्ती की

## हरगुलिया, चंदा और ब्याज .... धर्म के नाम पर धंधा

सूत्रों की मानें तो ईदगाह कमेटी के चंदे का पैसा अब धार्मिक कार्यों में नहीं, प्रॉपर्टी में चल रहा है वही एक और इदारा जिसका खुलाशा हम जल्द करेंगे उसका पैसा ब्याज पर चल रहा है। पैसे बिहार, कोलकाता और न जाने कहाँ-कहाँ घूमते हैं। कुछ ने इसे ह्लवक़्फ वित्त सेवा लिमिटेडह्व बना डाला है। जल्द ही नामों का खुलासा भी होगा। पर अभी के लिए इतना समझ लीजिए: यह पूरा सिस्टम ह्लभाई, भतीजा, चच्चा, फूफा,और जीजा और ब्याजह्व का गठजोड़ है।पर हम तो हर राज खोलेंगे, अब यह कहानी आप पढ़ेंगे जिसमें रहस्य है, रोमांच है, जासूसी है और सच्चाई है। और आप तो जानते ही है हम किसी से नहीं डरते , डर है तो सिर्फ खुदा का। क्योंकि जब शिक्षा की जगह राजनीति हो, और धर्म की जगह धंधा .... तब पत्रकारिता का धर्म सवाल पूछना होता है। और हम पूछते रहेंगे।

**बाकी अगले अंक में,मोहम्मद अकरम अंसारी**

# जबलपुर में सट्टा कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो सटोरिये रंगे हाथ गिरफ्तार, नकदी और सट्टा सामग्री जब्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के निर्देश पर शहर में चल रहे अवैध सट्टा कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच और थाना गढ़ा की संयुक्त टीम ने देर रात छापामार कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों को सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 17,120 नकद और सट्टा सामग्री जब्त की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, समर वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक गढ़ा आशीष जैन एवं उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) उदयभान बागरी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

**पहली कार्रवाई:** गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि 2 जुलाई की रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि गंगासागर तालाब के पास एकता चौक में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख रहा है। संयुक्त टीम ने तत्काल दबिश दी और मौके से एक व्यक्ति को भागते समय दबोच लिया गया। आरोपी ने अपना नाम विवेक




झारिया (32), निवासी मुजावर मोहल्ला गढ़ा बताया। उसके पास से 4 सट्टा पर्चियां और 9,250 नकद जब्त किए गए।

**दूसरी कार्रवाई:** उसी रात एक अन्य सूचना पर गंगासागर मेन रोड से शुभम नीखरा (34), निवासी आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर को सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह बल्लू उर्फ बलराम केवट के कहने पर यह काम करता है और इसके एवज में उसे 300 प्रतिदिन मिलते हैं। उसके पास से भी 4 सट्टा पर्चियां और 7,870 नकद जब्त किए गए।

**आपराधिक पृष्ठभूमि:** गिरफ्तार आरोपी शुभम नीखरा के खिलाफ थाना गोरखपुर में मारपीट, सट्टा, जुआ, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट समेत कुल 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, विवेक झारिया के विरुद्ध थाना गढ़ा में 7 आपराधिक मामले पहले से ही पंजीबद्ध हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(क) एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 49 के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

**टीम की सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में अपराध शाखा प्रभारी शैलेष मिश्रा के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक नरेश पासी, प्रधान आरक्षक राजेश पांडे, रूस्तम अली, अखिलेश पांडे तथा थाना गढ़ा के प्रधान आरक्षक अच्छेलाल, अरुण रघुवंशी, आरक्षक सत्यनारायण, मनोज उपाध्याय और गौरव ने सराहनीय भूमिका निभाई।

**रिपोर्ट आरती लोधी**

# जबलपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त 8 आरोपी गिरफ्तार, 35 चायना चाकू जब्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिले में अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती बरतते हुए माढोताल, गोहलपुर, बेलबाग, अधारताल थानों और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीमों ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 35 चायना चाकू बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीएसपी माढोताल बीएस गोठरिया, गोहलपुर के सीएसपी सुनील नेमा, अधारताल की सीएसपी प्रियंका करचाम, ओमती के सीएसपी सोनू कुर्मी के मार्गदर्शन में की गई। माढोताल थाना: दो आरोपी गिरफ्तार, 25 चायना चाकू जब्त 2 जुलाई को ग्रीन सिटी रोड माढोताल स्थित तालाब के पास से हर्ष उर्फ डेविड पटेल (निवासी उजरोड, पाटन) और शेख हसन (निवासी मोहरिया गली, हनुमानताल) को 25 बटनदार चायना चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि ये चाकू राजस्थान से लाकर बेचने की फिराक में थे।

**टीम की भूमिका:** थाना प्रभारी माढोताल नीलेश दोहरे के नेतृत्व में की गई त्वरित कार्रवाई सराहनीय रही। टीम में उप निरीक्षक गणपत मर्सकोले, बेनीराम उइके, सहायक उप निरीक्षक तीरथ बागरी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र प्रताप, आरक्षक सचिन मेहरा, निकेश कुमार, बलराम, पुष्पराज पटेल की भूमिका उल्लेखनीय रही।

**बेलबाग थाना: दो आरोपी गिरफ्तार, 6 चाकू जब्त-** भानतलैया स्थित संजीवनी स्कूल के सामने आकाश डुमार और सौरभ गौर (दोनों निवासी पडरिया, पाटन) को सफेद मोपेड सहित 6 बटनदार चाकुओं के साथ पकड़ा गया।

**टीम की भूमिका:** थाना प्रभारी बेलबाग राजकुमार खटीक के निर्देशन में हुई कार्रवाई उल्लेखनीय और सक्रिय पुलिसिंग का उदाहरण रही। इस कार्रवाई में अपराध थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडे, प्रधान आरक्षक अरविंद श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, मनीष सिंह, सुतेन्द्र यादव, आरक्षक प्रीतम उपाध्याय तथा बेलबाग के प्रधान आरक्षक अतुल राजवैद्य, सुरेश मिश्रा, आरक्षक घनश्याम चौधरी, मोहित, सैनिक सत्यम बिलौहा की भी सराहनीय भागीदारी रही।



**गोहलपुर थाना:** तीन आरोपी गिरफ्तार, 3 चाकू जब्त सूरज उर्फ सूजल, नितिन चौधरी और निखिल सेन को अलग-अलग स्थानों से एक-एक चाकू के साथ पकड़ा गया।

**टीम की भूमिका:** थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पांडे के नेतृत्व में की गई सजग कार्रवाई की सराहना की जा रही है। टीम में प्रधान आरक्षक जनार्दन सिंह, जितेंद्र तिवारी, जितेंद्र कुमार यादव, आशीष तिवारी, समरेन्द्र, आरक्षक गोपाल, दिनेश दुबे, संजय सिंह शामिल रहे, जिनकी सक्रिय भूमिका प्रशंसनीय रही। अधारताल थाना: एक आरोपी गिरफ्तार, 1 चाकू जब्त गौरव उर्फ आर्यन नेमा (निवासी आशा नगर) को पचमढा मंदिर रोड से पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास, वसूली, जुआ, आर्म्स एक्ट सहित 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

**टीम की भूमिका:** थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे, सहायक उप निरीक्षक रामसनेह शर्मा, आरक्षक राजेश केवट, दुर्गेश। अपराध थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा के निर्देशन में क्राइम ब्रांच की टीम: सहायक उप निरीक्षक मोहन तिवारी, कैलाश मिश्रा, प्रधान आरक्षक हितेंद्र रावत, मोहन सिंह, आरक्षक रितेश शुक्ला, प्रमोद सोनी, पंकज सिंह, रणजीत सिंह।

**रिपोर्ट लुकमान अंसारी**



# जबलपुर संस्कारधानी में 11 वीं विठ्ठल वारी यात्रा 5 जुलाई को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** संस्कारधानी में आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल जबलपुर, मराठी भाषियों के तत्वावधान में दिनांक 5 जुलाई 25 शाम 04:00 बजे से पंढरपुर महाराष्ट्र की तरह आषाढ़ी एकादशी को 11 वीं श्री विठ्ठल वारी हरिनाम संकीर्तन एवं शोभायात्रा श्री दत्त मंदिर, गोलबाजार से निकाली जाएगी। डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, जया पागे, रंजना भास्कर वर्तक, प्रतिभा भापकर, प्राजक्ता विप्रदास, सीमा, निधि अभय सवडतकर, प्रेरणा पोहरकर ने बताया कि श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई की श्री विठ्ठल वारी यात्रा में श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई माता के श्री विग्रह संत ज्ञानेश्वर जी महाराज, संत गजानन महाराज की पालकी रथारूढ होकर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। सदानंद गोडबोले, संजय आपटे श्रीकांत



बापट, प्रवीण विपदास किशोर कलमकर, राजेश तोपखाने वाले, मनीष नाजवाले, विजय भावे, पद्माकर तलवारें, धनाजी पाटील, सुरेश सालुंके, शाहजी पाटील ने हरिनाम संकीर्तन यात्रा दत्त मंदिर गोलबाजार, नेशनल हास्पिटल से पुराने जामदार हासपिटल, डी एन जैन स्कूल से मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज चौक, कमानिया गेट, सराफा बाजार, कोतवाली थाना, राजा रसगुल्ला वाली गली से श्री विठ्ठल रखुमाई मंदिर हनुमान ताल तक निकाली जाएगी। हर्षल पुणतांबेकर, आशुतोष, ज्ञानेश, सांई कृष्णा पाटिल सहित युवा शक्ति विठ्ठल वारी यात्रा में विठ्ठल बैंड ढोल ताशे, बजाते हुए चलेंगे। मातृशक्ति लेझिम दल के पाऊल भजन कीर्तन करते भक्त गण, मराठी परिधान में सजे धजे बच्चे और महिलाएं रहेगी। मराठी संस्कृति और समरसता की अलख जगाती वारी यात्रा में मातृ शक्ति एवं गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर भगवान श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई की आरती, पुष्प वर्षा कर यात्रा स्वागत कर आशीर्वाद लेने का आग्रह संतोष गोडबोले, हेमंत पोहरकर, विश्वास पाटणकर, मंजू देशमुख, पंकज कोमलवार, विध्येश भापकर, भास्कर वर्तक, शरद आठले, प्रकाश बेहरे, विवेक मैराल, आशीष कालवे, चिन्मय जोशी, सहित आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल जबलपुर ने की है।

### जबलपुर में दिल दहला देने वाली हैवानियत

# मूक-बधिर मासूम पिल्लों की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार .... पशु प्रेमियों ने की सख्त सजा की मांग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** यह घटना न सिर्फ दिल को झकझोर देने वाली है, बल्कि समाज की नैतिक चेतना पर भी गहरी चोट है। एक मूक जानवर....माँ और उसके मासूम पिल्लों के साथ क्रूरतम व्यवहार करते हुए 6 नन्हे पिल्लों को डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। यह घिनौना कृत्य राजेश दाहिया नामक व्यक्ति द्वारा किया गया, जिसे थाना अधारताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबलपुर पुलिस ने पशु क्रूरता जैसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की है।

## मासूमों की हत्या का मंजर

एनिमल लवर ग्रुप से जुड़े अजीत सिंह आनंद उर्फ मंगे सरदार (उम्र 54 वर्ष, निवासी आदर्श नगर, ग्वारीघाट) ने थाना अधारताल में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार 2 जुलाई की सुबह ग्रुप के सदस्य सतीश यादव ने मैसेज कर बताया कि 30 जून की रात करीब 8 बजे हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर स्थित एबी किड्स स्कूल के पास रहने वाले राजेश दाहिया ने कुतिया के 6 नवजात बच्चों को डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे 5 की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल पिल्ले की जान 1 जुलाई की रात को ले ली गई, जब उसे फिर से डंडे से पीटा गया। इस हृदयविदारक दृश्य का जब आनंद सेन, विकास साहनी, शुभम गुप्ता और विष्णु गुप्ता ने विरोध किया, तो राजेश दाहिया ने गालियां देकर उन्हें धमकाया भी। मृत पिल्लों के शव आरोपी ने आसपास फेंक दिए, जिन्हें बाद में नगर निगम की टीम ने उठाया।

## पुलिस का त्वरित एक्शन, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 और 325 के तहत अपराध दर्ज कर 35 वर्षीय आरोपी राजेश दाहिया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमरे ने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं पर पुलिस की सख्त नजर है और पशु क्रूरता के मामलों में संवेदनशील और कठोर रुख अपनाया जा रहा है।

## सवाल समाज से भी है

यह केवल एक कानून का मामला नहीं, बल्कि हमारे भीतर की मानवीयता पर भी प्रश्नचिह्न है। मूक प्राणियों पर की गई इस नृशंसता को केवल कानूनी कार्रवाई से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक चेतना से ही रोका जा सकता है।

## रिपोर्ट राहिल खान

पशु प्रेमियों की मांग: आरोपी को मिले कड़ी से कड़ी सजा जबलपुर के पशु प्रेमियों और नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे अमानवीय अपराध करने वाले को सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि कोई और ऐसी क्रूरता करने की हिम्मत न कर सके।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादक: अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN39695 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592


# सर्च वारंट के नाम पर पुलिस की गुंडागर्दी, एसडीएम के इशारे पर दादा दादी के घर से आयुष पहुँचा मामा के घर


## नियम विरुद्ध हुई कार्यवाही, वारिस की चाह में भाई बहन ने रचा चक्रव्यूह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जब भैया भए कोतवाल तो डर काहे का, जी हां मध्य प्रदेश शासन के अफसर शाह इन दिनों ऐसी ही कहावत को चरितार्थ करते रीवा से अनूपपुर तक देखे जा सकते हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण इनकी मनमानी कार्यप्रणाली है, जो खुद ब खुद अपने कारनामों को बयां कर रही है, प्रदेश की अधिकारी लॉबी ऐसे सारे नियम कानून को दरकिनार कर कानून की नाफरमानी पर उतारू है, जिला अंतर्गत ग्राम कैलोरी निवासी प्रमिल मिश्रा का अपनी पत्नी अंजली मिश्रा से किसी बात को लेकर अनबन हो गई और पत्नी अंजलि नाराज होकर अपने मायके कटनी चली गई, अंजली मिश्रा अपने 4 साल के बेटे को पति प्रमिल मिश्रा के पास से छोड़कर चली गई, लेकिन मिश्रा परिवार को क्या पता था की उनकी बहू अंजनी मिश्रा अपने बेटे को अपने पास बुलाने का एक नायाब तरीका अपनाएगी, आपको बता दें कि अंजली मिश्रा का भाई अनुराग तिवारी जो कि एसडीएम रीवा के पद पर पदस्थ है, उन पर पीड़ित मिश्रा परिवार का आरोप है कि एसडीएम अनुराग तिवारी अनूपपुर के तत्कालीन एसडीएम कमलेश पुरी से बातचीत कर अपने भांजे आयुष मिश्रा को बलपूर्वक उठवा लेने का तना-बना बुना और बकायादे मिश्रा परिवार के चिराग को बलपूर्वक बिना किसी न्यायालीन प्रक्रिया को पूरा किए बगैर घर से उठावाकर बाल कल्याण अनूपपुर को जबरन दबाव बनाकर दिलवा दिया गया, इस पूरी नाटकीय कार्रवाई से असंतुष्ट मिश्रा परिवार के मुखिया लल्लू मिश्रा ने जब सूचना के अधिकार के तहत मिली हुई जानकारी की नकल पढ़ी तो उनके होश उड़ गए जिसमें साफ- तौर पर लिखा था कि यह मामला धारा 97 , 98 की परिधि में नहीं आता, इसलिए एसडीम कार्यालय से इन्हें स्वतंत्र कर इन्हें बच्चा आयुष मिश्रा को वापस दिया गया है, जबकि इस पूरे मामले में अधिकारियों ने मनमानी का चाबुक चलाते हुए आयुष मिश्रा को बाल कल्याण तथा फिर वहां से उसकी मां अंजलि मिश्रा के पास भेज दिया गया, हद तो तब हो गई जब शिकायतकर्ता लल्लू मिश्र ने सीएम हेल्पलाइन में एसडीएम अनुराग तिवारी की शिकायत करते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की, लेकिन शिकायत रीवा के जिस अधिकारी के नाम की थी वह अधिकारी अनुराग तिवारी एसडीम स्वयं अपनी शिकायत की जांच कर उसे ठंडे बस्ती में डाल दिया।

### क्या है पूरा मामला

27 मई 2022 को कैलोरी निवासी लल्लू मिश्र के घर थाना चचाई पुलिस के 10 से 12 जवान आ धंमकते हैं और पूरे परिवार को धमकाते हुए लल्लू मिश्र को अपने ही पोते आयुष मिश्रा को अगवा कर जबरदस्ती अपने घर में रखने की बात कहते हैं और कल एसडीएम कोर्ट में आपका बुलावा है यह कहकर बिना कोई नोटिस दिए चले जाते हैं, 27 मई दोबारा इन्हें जबरन घर से एसडीएम कोर्ट अनूपपुर ले जाया गया, जहां





पर पहले से मौजूद आयुष मिश्रा की मां अंजली मिश्रा मौजूद थी, जिसने अपने औपचारिक कथन में प्रमिला मिश्रा से 11 वर्ष पूर्व विवाह होना बताया गया एवं कहा गया कि मैं कन्या विद्यालय परिसर अनूपपुर शिक्षिका पद कार्यरत हूं, आवेदक गण द्वारा मुझे गाली गलौज व मारपीट करने को आमदा होते हैं, इस कारण मैं 6-7 महीने से पुत्र के साथ अलग रहने लगी हूं, लगभग 3 महीने पहले आवेदन एवं कुछ अन्य आदमियों के साथ एक गाड़ी में आए और आवेदिका के साथ मारपीट कर जबरदस्ती बलपूर्वक मेरे पुत्र को छीन कर ले गए मैं कई बार अपने पुत्र से मिलने गई लेकिन पुत्र से मिलने नहीं दिया गया, अंजली मिश्रा द्वारा एसडीएम कोर्ट में नाटकीय ढंग से दिए गए बयान की ही अगर बात की जाए तो जब उनके साथ मारपीट की गई या उनसे उनका बच्चा छीन कर ले जाया गया तो उसकी रिपोर्ट उन्होंने संबंधित थाने में दर्ज क्यों नहीं की, जिस कन्या परिसर में बच्चा छीना गया वह पूरी तरह सीसी के टीवी कैमरे की निगरानी में है, आखिर सीसीटीवी फुटेज को सबूत बनाकर पेश क्यो नही किया गया, जबकि पति प्रमिल मिश्रा की कथन के अनुसार कहां गया कि हम पति-पत्नी के बीच कभी कोई विवाद हुआ ही नहीं, हम पति-पत्नी को अलग करने के लिए मेरी पत्नी का भाई एसडीएम अनुराग तिवारी द्वारा स्क्रिप्ट पहले से ही लिखी जा रही थी।

### यह कैसी कार्यवाही

सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत एसडीएम कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार 27 मई 2022 को पुलिस थाना चचाई द्वारा सर्च वारंट की तामिली करने लल्लू मिश्रा के घर गई थी, लेकिन प्रश्न नहीं उठता है कि जब 27 मई का सर्च वारंट है तो पुलिस एक दिन पहले लल्लू मिश्र के घर क्या करने गई थी, वही इस पूरे मामले में दोनों पक्षों का कथन एसडीएम कार्यालय में 27 मई को ही दर्ज किया गया, मतलब यह है कि वारंट की तामिली और दोनों पक्षों का कथन एक ही दिन एसडीएम कार्यालय में बिना किसी पूर्व नोटिस के हो गया जानकारी में उल्लेख किया गया कि प्रकरण 4 वर्षीय पुत्र के विधिक कस्टडी के संबंध में है, जिसकी अधिकारिता सिविल न्यायालय को है, अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन धारा 97,98 की परिधि मे ना होने से अस्वीकार किया जाता है, पक्षकारों को पूर्णतः स्वतंत्र किया जाता है, जबकि आरोपी है कि दबाव बनाकर एसडीएम कार्यालय से आयुष मिश्रा को बाल कल्याण भिजवा दिया गया, इस वक्त आयुष मिश्रा अपनी मां अंजली मिश्रा के पास है, एसडीएम कार्यालय अनूपपुर से यदि मामला निरस्त कर दोनों पक्षों को स्वतंत्र किया गया तो फिर बिना न्यायालय के फैसले के आयुष मिश्रा अपनी मां के पास कैसे पहुंच गया, यह समझ से परे है एसडीएम कार्यालय की पूरी कार्रवाई तथा आयुष मिश्रा का बिना किसी न्यायालीन कार्रवाई की अपने मां के पास होना है संबंधित अधिकारियों को सवालों के कटघरे में खड़ा करता है

### पीड़ित परिवार ने की शिकायत

पीड़ित मिश्रा परिवार ने इस पूरे मामले की शिकायत पीएमओ ऑफिस सहित सीएम हेल्पलाइन में भी की थी शिकायत क्रमांक पीएमओ पी जी / डी/2023/0242070 सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 2467 1042 लेकिन सभी शिकायतें एसडीएम साहब के प्रभाव में डाक के तीन पात साबित हुई, क्योंकि सभी शिकायत के जांच अधिकारी खुद एसडीएम अनुराग तिवारी रहे हैं अब यह तो लाजमी है कोई भी अधिकारी अपने खिलाफ जांच गलत कैसे लिखेगा। पीड़ित ने कई शिकायत कर चुका है मगर अभी तक न्याय नही मिल पाया है।

### इनका कहना है।

इस मामले में एसडीएम अनूपपुर को कॉल किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नही हुआ।

# मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 50 करोड़ की लागत से निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जुलाई 2025 को कोतमा नगर के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 74 जल संरक्षण संरचनाओ के लोकार्पण जिसकी कुल लागत 50 करोड रुपए का करने के लिए दोपहर 2:00 बजे पहुंच रहे हैं। जिनके आगमन को लेकर कोतमा नगर में भाजपा की बैठक संपन्न हुई इस बैठक में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल एवं कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का मार्गदर्शन भाजपा के कार्यकताओं को प्राप्त हुआ ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंत्री दिलीप जायसवाल कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजित हो रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोउद्योग विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, दिलीप अहिरवार वन एवं पर्यावरण विभाग राज्य मंत्री, शहडोल संसदीय क्षेत्र की संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कोतमा नगर के कार्यकताओं को कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए नगर की सजावट से लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी कार्यकताओं को दी जाए जिससे कि कार्यक्रम भव्य रूप से सफल बनाया जा सके। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपना मार्गदर्शन कार्यक्रम को लेकर उपस्थित अधिकारियों को दिया।

# खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, खाली पड़े प्लाट में मिला शव, पूर्व बस संचालक था मृतक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बुढार रोड स्थित शास्त्रीय नगर वार्ड 23 में पूर्व बस संचालक ने खुद गोली मार कर आत्महत्या कर ली, घटना की जानकारी शहर में जैसे ही लगी वैसे घटनास्थल पर लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया, मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, घटना की सूचना के बाद डायल 100 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन 1 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बाद कोतवाली टी आई मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई , काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे । कोतवाली के शास्त्री नगर में राजन बहादुर सिंह (राजन दादा) (62)का घर है,और वह पूर्व बस संचालक थे, पुलिस के अनुसार घर के ठीक बाजू में खाली पड़े प्लाट में उनका शव मिला है। मौके पर पहुंची डायल



हंड्रेड पुलिस ने बताया कि गोली गर्दन के ऊपर लगी है। बंदूक मौके पर शव के पास पड़ी है। बंदूक 12 बोर राइफल बताई गई है। परिजनों ने बताया कि राजेंद्र बहादुर सिंह सैनिक स्कूल की छात्र थे। लोगो के मुताबिक वह काफी खुश मिजाज व्यक्ति थे। मौके पर एक घंटे बाद पहुंचे कोतवाली टी आई ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि उनके घर के कमरे में एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उन्होंने बीमारी से परेशान होने का जिक्र किया है। हालांकि पुलिस ने सुसाइड नोट जप्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है, मौके पर एफएसएल डॉक्टरों की टीम भी पहुंची है।



# पोस्ट आफिस के भवन निर्माण में न्यायालय ने स्थगन आदेश न देते हुए अपील की खारिज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल मैडम ने अनूपपुर पोस्ट आफिस की भूमि पर याचिकाकर्ता नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद को स्थगन देने से इंकार करते हुये उनके स्थगन अपील को निरस्त कर दिया। मामले में शासन और पोस्ट आफिस अनूपपुर की ओर से जिला शासकीय अभिभाषक अनूपपुर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने पैरवी की। जिला शासकीय अभिभाषक अनूपपुर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद ने पोस्ट आफिस की शासकीय भूमि खसरा नं0 296/2 रकवा 0.101 हेक्टेयर पर अवैध वाउन्ड्री वाल बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था जिसे प्रशासन द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण के विरूद्व कार्यवाही करते हुये उक्त अवैध दीवाल को गिरा दिया और पोस्ट आफिस अनूपपुर ने अपनी उक्त भूमि पर नियमानुसार कब्जा कर भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया। वादी नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद ने व्यवहार न्यायाधीश अनूपपुर पारूल जैन के समक्ष दावा प्रस्तुत करते हुये स्थगन का आवेदन भी प्रस्तुत किया जिसकी विधिवत सुनवाई की जाकर न्यायालय ने वादी के आवेदन को निरस्त कर दिया। जिससे असंतुष्ट होकर वादिया और उसके पति ने अपीलीय न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल मैडम के समक्ष अपील प्रस्तुत की जिसकी न्यायालय द्वारा विधिवत सुनवाई की गई और वादी और प्रतिवादीगण के तर्क श्रवण किये गये। अपीलार्थी नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद की उक्त दोनो अपील 15/24 और 16/24 को निरस्त कर निचली अदालत के आदेश को सही माना और पोस्ट ऑफिस अनूपपुर की भूमि पर किसी भी प्रकार की स्थगन देने से इंकार कर दिया हैं।

# किसान पर भालू ने किया हमला, खेत मे कर रहे थे काम, सिर में गंभीर चोट, मेडिकल कालेज रेफर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जैतपुर वन परिक्षेत्र के कुम्हेडीन गांव में खेत में काम कर रहे किसान पर भालू ने हमला कर उसे बुरी तरीके से जख्मी कर दिया। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जैतपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। घटना के बाद केशवाही रेंजर ने अपने स्टाफ को अस्पताल भेजा था, लेकिन घायल मेडिकल कॉलेज रेफर हो चुका था। घटना जैतपुर वन परिक्षेत्र की है, लेकिन जैतपुर का स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा। परिजनों ने बताया कि सुखलाल सिंह पिता रामटहल (46) घर के पास स्थित खेत में काम कर रहे थे। तभी पीछे से भालू आ पहुंचा और सुखलाल पर हमला बोल दिया। इसके बाद सुखलाल ने चिल्लाना शुरू किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर, परिजन मौके पर दौड़कर गए। भीड़ को देखा भालू मौके से



भाग गया। घटना में सुखलाल के सर में गंभीर चोट पहुंची है। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जैतपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत देख डॉक्टर ने सुखलाल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी के बाद केशवाही वन विभाग के टीम अस्पताल पहुंची थी, लेकिन उसके पहले ही घायल मेडिकल कॉलेज रेफर हो गया था। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार जैतपुर वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई है, लेकिन अमला मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में गुस्सा है। वहीं, इस मामले में जैतपुर रेंजर राहुल सिखरवार से जब बात की गई तो उन्हों ने कहा कि भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल हुआ है। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, मैंने कर्मचारियों को कहा है मौके पर जाकर देख लें। घायल के उपचार में जो भी खर्च होगा उसे वन विभाग वहन करेगा। मेडिकल कॉलेज से अगर निजी अस्पताल भी घायल को रेफर किया जाता है तो पूरा खर्च वन विभाग देगा। इस क्षेत्र में भालू की संख्या अधिक है। हम समय-समय पर लोगों को जागरूक रहने की सलाह भी देते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर युवाओं ने लोगों को बांटे कपड़े के थैले, बताए प्लास्टिक के दुष्परिणाम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को इकट्ठा कर कपड़े का थैला वितरण किया एवं पॉलीथिन व प्लास्टिक का दुष्परिणाम बताया व उपस्थित लोगों को प्लास्टिक के थैले व पॉलीथिन उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि हर साल 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। इस दिन का खास उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभाव को रोकना है। क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाती है और 1 प्लास्टिक बैग को नष्ट



होने में 100 से 500 साल का वक्त लगता हैं ।पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने व प्रदूषण से बचाने के लिए प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की समझाइश भी दी ।प्लास्टिक का उपयोग बंद कर सभी को कपड़े की बनी थैलियों का उपयोग करना चाहिए, जिससे पर्यावरण की सुरक्षित रहेगा व स्वास्थ्य की रक्षा भी होती रहेगी ।इसके साथ ही सभी सदस्यों ने पूरे वर्ष कपड़े से बने बैग का उपयोग करने व अन्य लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वायु व पर्यावरण के लिए घातक है। इसके प्रयोग को रोकने के लिए जागरूक होने के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग न करें। आत्मनिर्भरता के साथ घर से ही सामान लेने कपड़े की थैली, कागज की थैली, बेग लेकर निकलें। स्वयं की पहल अन्य भी अपनाएं, यह हमारा प्रयास हो। युवाओं ने आमजनों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने की शपथ दिलाई।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर फर्जी मुकदमा के खिलाफ मुख्यमंत्री का होगा विरोध

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** 4 जुलाई 2025 को अनूपपुर जिले के कोतमा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन हो रहा है। जहां एक ओर सम्पूर्ण जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी के नेतागण मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में लगा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान मुख्यमंत्री का विरोध करने की रणनीति में लग गए है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान ने बकायदे स्थानीय प्रशासन को अनुमति/सूचित करते हुए बताया कि अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित वर्ग के लिए लगातार लड़ाई लड़नें वाले मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा विगत दिवस अशोकनगर जिले में एक युवक को मल खिलाये जाने जैसी अमानवीय घटना का विरोध करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिये पहल करने पर मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा हमारे नेता न्याययोद्धा जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में फर्जी एफ आई आर दर्ज कराई गई है। जिसका विरोध करते हुए कल दिनांक 4 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कोतमा आगमन पर हम सभी कांग्रेस जनों द्वारा हमारे नेता जीतू पटवारी के खिलाफ फर्जी एफ आई आर दर्ज कराये जाने के विरोध में काला झण्डा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे गांधी चौक कोतमा मे एकत्र होकर हेलीपैड/सभास्थल के लिये कूच करेंगे। गुड्डू चौहान की इस सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया हैं एवं मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए और कड़े इंतजाम करने में लग गया है।

## मत्स्य बीज प्रक्षेत्र मुरझड़ एवं गर्रा में मत्स्य बीज उत्पादन प्रारंभ, जिले में 108 करोड़ स्पॉन एवं स्टेण्डर्ड फ्राई मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट जिले में बड़े जलाशय, तालाबों की अधिक संख्या होने के कारण यह जिला मत्स्य उत्पादन में प्रदेश एवं देश के अग्रणी जिलों में शामिल है। यहां का प्राकृतिक वातावरण मत्स्य उत्पादन के लिए अनुकूल है और मत्स्यपालन से लोगो को रोजगार भी मिल रहा है। मत्स्योद्योग विभाग द्वारा चालू सीजन में मत्स्य बीज का उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग पूजा रोडगे ने बताया कि चालू वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में कुल 108 करोड़ मत्स्य बीज का उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। इसमें 94 करोड़ स्पॉन मत्स्य बीज एवं 14 करोड़ स्टेण्डर्ड फ्राई मत्स्य बीज शामिल है। जिले के मुरझड़ एवं गर्रा स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर मत्स्य बीज का उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है। चालू सीजन में अब तक 07 करोड़ स्पॉन एवं 70 लाख स्टेण्डर्ड फ्राई मत्स्य बीज का उत्पादन किया जा चुका है। यह मत्स्य बीज मछूवारों, मछुवा समिति एवं मत्स्य पालकों को प्रदाय किया जा रहा है। जिले की सभी सहकारी समितियों, समूह के पट्टाधारक एवं निजी मत्स्य पालकों से अपील की गई है कि जिले के विभिन्न मत्स्य बीज प्रक्षेत्र से शासकीय दर पर गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज क्रय कर अपने तालाबों में संचयन करना प्रारंभ करे। उल्लेखनीय है कि बालाघाट जिला मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला है।

# आष्टा में झोलाछाप डॉक्टर की लूट, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़, स्वास्थ्य विभाग की उअनदेखी


बरघाट विकासखंड का मामला सरकारी अस्पताल के सामने क्लिनिक संचलित कर लोगों का इलाज कर रहा

आष्टा में झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री धड़ल्ले से लोगों का कर रहा इलाज, स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता

लोगों को नहीं मिल रहा सरकारी अस्पताल का लाभ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बरघाट।** सिवनी जिले के बरघाट के आष्टा गांव में झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री के धड़ल्ले से लोगों का इलाज कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। जिसकी भनक स्वास्थ्य अमले को भी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते झोलाछाप डॉक्टर अपनी फर्जी दुकान चलाने में कामयाब है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते लोग प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टर की शरण में जाने मजबूर है। दमोह में फर्जी डॉक्टर के द्वारा लोगों का आपरेशन कर लोगों की जान ले ली गई उसके बाद भी बरघाट में स्वास्थ्य विभाग उदासीन है।

### झोलाछाप डॉक्टर लगा रहा इंजेक्शन

आष्टा गांव में बिना डिग्री झोलाछाप डॉक्टर लोगों का इलाज कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है सूत्र बताते है कि आष्टा गांव में सरकारी अस्पताल के सामने प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री धड़ल्ले लोगों का इलाज कर रहा है लोगो को दवा पर्ची लिखकर इंजेक्शन लगा रहा है। सरकारी अस्पताल के सामने प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टर निजी क्लिनिक खोलकर लोगों का इलाज कर रहा है। सरकारी सिस्टम की पोल खुलती नजर आ रही है।

### झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध हो कार्यवाही

स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते आष्टा गांव में सरकारी अस्पताल के सामने झोलाछाप डॉक्टर बेधड़क अपनी दुकान चला रहा है सूत्र बताते है पंचेश्वर डॉक्टर अपने निवास में बंद कमरे में लोगों का इलाज करते है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री के लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। देखना है कि स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध क्या कार्यवाही करता है।

## कृषि समिति की बैठक में रागी बीज का किया गया वितरण





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** 03 जुलाई को जनपद पंचायत बैहर के सभाकक्ष में कृषि समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भगवती सैयाम, कृषि स्थाई समिति की सभापति श्रीमती उमा मालती पंद्रे, जनपद सदस्य विजय धुर्वे एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन न्यूट्रीशनल, अन्तरवर्तीय फसल कोदो-अरहर, कोदो-रागी की जानकारी देने के साथ ही जनप्रतिनिधि द्वारा रागी मिनीकिट का वितरण ग्राम मोहबट्टा, कुगांव, सोनपुरी, लूद के किसानों को किया गया। कृषि समिति की बैठक में सुश्री अनुपमा मरावी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैहर, श्रीमती जयवंती धुर्वे, श्रीमती प्रेमदिनी नाग, कृषि विस्तार अधिकारी ने कृषि विभाग की जानकारी दी साथ ही आत्मा संबंधित अरहर प्रदर्शन की जानकारी दी।

उद्यान विभाग से श्रीमती कविता ठाकरे और पशुपालन विभाग से श्रीमती ज्योती मरावी ने अपने विभाग की जानकारी दी।

## स्कूल शिक्षा एवं जनजाति कार्य विभाग के प्राचार्य की हुई समीक्षा





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय द्वारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल प्राचार्यों की बैठक 03 जुलाई 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2025-26 के नामांकन, अपार आईडी, अतिथि शिक्षकों का वेरिफिकेशन, सीएम हेल्पलाइन, सीएम डेस-बोर्ड, सी-मॉनिट की शिकायत, विमर्श पोर्टल पर पाठ्य पुस्तक वितरण की इन्ट्री, निःशुल्क सायकल वितरण, इंस्पायर अवार्ड 2025-26 हेतु आईडिया को अपलोड करना, पदोन्नति हेतु शिक्षको की गोपनीय चरित्रावली, बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार शिक्षकों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा, शिक्षकों के पेंशन, ग्रेज्युटी, एरियर राशि भुगतान की समीक्षा की गई। मेरिट कम मीन्स, एससी-एसटी एवं छात्रवृत्ति का नेशनल स्कालरशीप पोर्टल पर विद्यार्थी के नामांकन की प्रक्रिया के संबंध में पीपीटी के माध?यम से जानकारी प्रदान की गई। स्कूलों में खेलों को बढावा देने के लिए स्पोर्ट्स मैनेजमेंट सिस्टम पर विद्यालय के खिलाड़ी छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे द्य

### एक विद्यार्थी एक वृक्ष अभियान

जिले के स्कूलों में वृक्षारोपण हेतु एक विद्यार्थी, एक वृक्ष अभियान की शुरूआत जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट द्वारा आज से की गई है। इस अभियान के तहत स्कूलों के प्राचार्य, प्रधानपाठक अपने-अपने स्कूलों में कार्य योजना बनाकर प्रत्येक विद्यार्थी को स्कूल प्रांगण, घर के आंगन, खेत-बाडी आदि उचित स्थान का चयन कर पौधारोपण हेतु प्रेरित करेगें। एक पेड़ माँ के नाम% का सार एक प्रतीकात्मक इशारा है - अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना माताओं की भूमिका का सम्मान करना। पेड़ जीवन को बनाए रखते हैं, और एक माँ की तरह, वे अगली पीढ़ी के लिए पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से, प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करेगें।

## खेलन बाई के समूह ने बंजर शासकीय भूमि को बनाया हरा-भरा, नर्सरी संचालन कर कर बेचे 12 लाख रुपये के पौधे



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य करने वाली एवं मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करने वाली खेलन बाई संघर्ष की एक मिसाल बन गई है। गरीबी के कठिन संघर्षों के बाद खेलन बाई अब आत्म निर्भर बन गई है। खेलन बाई के समूह ने बंजर पड़ी शासकीय भूमि को अपनी मेहनत से हरा-भरा बना दिया है और उस पर नर्सरी का संचालन कर 12 लाख रुपये के पौधे बेच दिये हैं। खेलन के नेतृत्व ने समूह की सदस्य महिलाओं को भी आय का जरिया उपलब्ध करा दिया है।

बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड के सांवगी गांव की खेलन मर्सकोले ने बचपन से ही गरीबी को बहुत करीब से देखा है और गरीबी का दर्द महसूस किया है। 10 वीं तक पढ़ाई करने के बाद उसका विवाह धनेन्द्र मर्सकोले के साथ हो गया। लेकिन गरीबी ने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा। गांव की बस्ती में यह परिवार झोपड़ियों में रहकर दिन व्यतीत कर रहा था। एक समय ऐसा भी था कि पक्का घर और अन्य सुविधाये तो बहुत दूर की बात थी, आय का कोई साधन न होने के कारण परिवार के सभी लोग मजदूरी करके गुजारा करते थे। गांव में प्रतिदिन मजदूरी का काम भी नहीं मिलता था, और मिल भी जाता था तो गांव में मजदूरी की दर कम होने के कारण मेहनत की राशि भी काफी कम मिलती थी। हालात ऐसे थे कि घर की गुजर-बसर करने लायक आय जुटाना भी कठिन हो जाता था द्य खेलन भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य करती थी।

वर्ष 2019 में आजीविका मिशन का स्टाफ गांव में महिलाओं का समूह गठित करने पहुंचा था। खेलन बाई मर्सकोले मिशन स्टाफ द्वारा दी गई जानकारी से बहुत प्रभावित हुई और उसने गांव की अन्य महिलाओं को जोड़कर राशि तेजस्वीनी स्व सहायता समूह का गठन किया द्य समूह से जुड़ने के बाद खेलन मर्सकोले ने शासकीय योजना के तहत सावंगी गांव की शासकीय भूमि पर नर्सरी स्थापना एवं नर्सरी संचालन के लिए अपने समूह की सदस्यों को प्रेरित किया द्य खेलन बाई के नेतृत्व में महिलाओं के इस समूह ने कड़ी मेहनत कर बंजर पड़ी शासकीय भूमि को उपजाऊ बना दिया है।

खेलन बाई ने समूह से व्यक्तिगत ऋण लेकर एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से बैंक से ऋण लेकर बीज, खाद, यान्त्रिकी उपकरण खरीदकर नर्सरी का कार्य प्रारंभ किया था। खेलन की कड़ी मेहनत देख समूह सदस्य भी उसके साथ नर्सरी मे सहयोग करने लगे द्य खेलन मर्सकोले के समूह की मेहनत एवं परिश्रम से सावंगी की नर्सरी बालाघाट जिले की सबसे अच्छी और बेहतर संचालन वाली नर्सरी बन गई है। जिसमे सबसे बड़ा योगदान खेलन मर्सकोले का है महिलाओं के समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा नर्सरी स्थापना योजना निकली गई थी। इस योजना में नर्सरी से होने वाली आय में 50 प्रतिशत लाभांश विभाग का और 50 प्रतिशत लाभांश समूह का होता है। खेलन के समूह ने नर्सरी स्थापना से लेकर अब तक 12 लाख रुपये के पौधे बेचे दिये है। इससे उद्यान विभाग को 06 लाख रुपये की आय होने के साथ ही खेलन के समूह को भी 06 लाख रुपये की शुद्ध आय हुई है। नर्सरी के इस व्यवसाय में खेलन बाई का समूह अपने पांव मजबूती से जमा चुका है। जिसके चलते आज समूह की अन्य महिला सदस्य भी आजीविका के साथ ही अच?छी-खासी आय अर्जित कर रही हैं। खेलन बाई मर्सकोले के समूह द्वारा संचालित सांवगी की नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के आम, आंवला, अमरूद, बेर व अन्य फलों के पौधे तैयार कर बेचे जाते हैं।

## जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक 03 जुलाई को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राहुल नायक की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में श्रीमती आरती कपले सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अजाक, श्री सी.एस. कुशराम, बी.ई.ओ. कटंगी, कैलाश पुसे पुलिस (अजाक), एच. आर. कठाने, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, भरत मड़ावी, श्री एस. एल. रंगारे सेवानिवृत्त शिक्षक, शंकर टीम लीडर प्रोफेशनल अस्सिटेंस फॉर रूलर डेव्लपमेंट एक्शन (प्रदान) उपस्थित थे।

बैठक में 01 फरवरी 2025 से दिनांक 31 मई 2025 तक के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि अत्याचार से पीडित अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीडितों के उक्त अवधि में प्राप्त 17 प्रकरणों में 37.75 लाख रुपये की राशि एवं अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ितों के 18 प्रकरणों में 14.81 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर भुगतान किया जा चुकी है। इस अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं पाये गये।

गवाहो एवं आश्रितों को यात्रा भत्ता, परिवहन, व्यय, आहार व्यय एवं भरण पोषण व्यय के संबंध मे दिनांक 01 फरवरी 2025 से दिनाक 31 मई 2025 तक की जानकारी से उप-पुलिस अधीक्षक अजाक बालाघाट द्वारा अवगत कराया गया कि आहार व्यय के तहत अनु. जाति के एवं जनजाति के कुल 05 प्रकरणो में राशि 400 रुपये का भुगतान एवं मजदूरी के अंतर्गत कुल 05 प्रकरणों में राशि 1768 रुपये का भुगतान किया गया है। साथ ही उप पुलिस अधीक्षक अजाक से प्राचाराप्रसार व जनजागरण की भी जानकारी प्रदान की गई। जिसमें अजाक बालाघाट द्वारा दिनांक 01 फरवरी 2025 से दिनांक 31 मई 2025 तक किये गये प्रचार प्रसार व जनजागरण की जानकारी से अवगत कराया गया।

जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ प्रकरणों में गवाहों के स्थल पर जाकर हमारे द्वारा स्वयं गवाही ली जाती है इसलिए उन्हें यात्रा भत्ता नहीं दिया जाता। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया गया। दिनांक 01 फरवरी 2025 से दिनांक 31 मई 2025 तक की स्थिति में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 487 प्रकरणों में भा.द.वि. के तहत 04 प्रकरणों एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत 01 प्रकरण में सजा दी गई। 50 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है एवं 462 प्रकरण लंबित पाये गये। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 9 जुलाई को मनाएगा राष्ट्रीय विधार्थी दिवस, 3 जुलाई से साप्ताहिक कार्यक्रम में पौधारोपण से की शुरूआत





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रत्येक वर्ष 9 जुलाई को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाती है। इसी क्रम में 03 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने साप्ताहिक कार्यक्रमों की शुरूआत पौधारोपण से की।

जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि इस साप्ताहिक पखवाड़े में परिषद द्वारा विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, प्रतिभा सम्मान समारोह, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान सहित कई रचनात्मक एवं छात्रोन्मुखी गतिविधियां सम्मिलित होंगी। इन सभी आयोजनों की रूपरेखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बालाघाट की विभिन्न इकाइयों द्वारा तय की गई है।

साप्ताहिक कार्यक्रम 3 जुलाई से 9 जुलाई तक चलेंगे। उन्होने बताया कि 3 जुलाई से कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण से की। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उमंग पालेवार, जिला एसएफडी प्रमुख कलश असाटी, महाविद्यालय अध्यक्ष कुबेर सिंह बेस, प्रथम ठाकुर, सारांश हिरवाने, राहुल बुर्डे, कुणाल सहारे, हिमांशु हरिनखेड़े, अभिषेक परिहार, शिवम् लिल्हारे, आर्या चौधरी, हर्ष वगाड़े, तन्मय ठाकरे, रोहित, ललित नगपुरे और शुभ्रतो कुम्हारे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तिरोड़ी महाविद्यालय में मनाया गया दीक्षारंभ कार्यक्रम




**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कला महाविद्यालय तिरोडी में 01 जुलाई से 03 जुलाई 2025 तक दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनुपमा कुजूर तिर्की के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नैनवती धारणे की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक पवन सोनी एवं डॉ रानी सोनी द्वारा के बारे में नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को समस्त मेजर विषय एवं माइनर विषय तथा वैकल्पिक विषय से अवगत कराया एवं महाविद्यालय द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के बारे में बताया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए एवं महाविद्यालय में संचालित अनेक गतिविधियों से परिचित हुए।

कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी अधिकारी कर्मचारी, अतिथि विद्वान डॉ. अश्विनी सातनकर, डॉ. हितेश उके. डॉ. योगेश सोनोने. डॉ कुलदीप लखेरा. डॉ अरुण कुमार शिंदे, सुरेश गिरी, प्रदीप चौरे, अनंत कुमार साकेत, कविता क्षिरसागर, दिलीप जामुनकर ने अपना सहयोग दिया।